राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस
क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उतरांचल,उतराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रकाशित

सुरत–गुजरात,संस्करण रविवार 19 मई 2024 वर्ष–7,अंक–115 पृष्ठ–08 मूल्य–01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

केंद्रीय जल आयोग की रिपोट...

## चिंताजनक स्थिति में पहुंचा जलसंकट

### देश के प्रमुख जलाशयों में भंडारण क्षमता का 25 प्रतिशत जल ही शेष

**नई दिल्ली। (एजेंसी)**

गर्मी बढने् के साथ ही देश में पानी की किल्लत बढ़ गई है। यह किल्लत कोई अचानक आई हुई समस्या नहीं है। ये समस्या सालों से धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। दरअसल, शहरों का विकास इसकी झीलों और तालाबों को खत्म करके किया गया है, जोकि हमारे पानी की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी हैं। साथ ही गंदे पानी के निपटारे का सही सिस्टम ना होने से जितना पानी बचा है वो भी दूषित हो जाता है। देश के प्रमुख जलाशयों के जल संग्रहण में गिरावट आई है और वर्तमान में यह कुल भंडारण क्षमता का 25 प्रतिशत ही रह गया है।

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने अपने साप्ताहिक बुलेटिन में कहा कि वर्तमान में देश के 150 प्रमुख जलाशयों में 45.277 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी है। जलाशयों में 20 जल-विद्युत परियोजना शामिल हैं, जिनकी सामूहिक रूप से भंडारण क्षमता 35.299 बीसीएम है। सीडब्ल्यूसी ने 10 से 16 मई के बीच 150 जलाशयों के भंडारण स्तर की जानकारी दी है। पिछले साल की इसी अवधि में भंडारण 57.993 बीसीएम था। वर्तमान भंडारण पिछले साल के स्तर का 78 प्रतिशत है।

#### हिमाचल, पंजाब, राजस्थान में भंडारण में काफी कमी

बुलेटिन के अनुसार, उत्तरी क्षेत्र हिमाचल प्रदेश, पंजाब और राजस्थान में 10 जलाशयों की कुल भंडारण क्षमता 19.663 बीसीएम है। वर्तमान में इनमें 5.618 बीसीएम (क्षमता का 29 प्रतिशत) है। यह पिछले साल के 37 प्रतिशत से कम है। पूर्वी क्षेत्र असम, झारखंड, ओडिशा, प. बंगाल, त्रिपुरा, नगालैंड और बिहार में 20.430 बीसीएम की क्षमता वाले 23 जलाशय हैं। इन जलाशयों में वर्तमान में 6.531 बीसीएम (31.97 प्रतिशत) भंडारण है। यह पिछले वर्ष के 28 प्रतिशत से बेहतर है।

#### दक्षिणी प्रदेशों का हाल बेहाल




आयोग दक्षिण भारत (आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु) के कुल 24 जलाशयों की निगरानी करता है। सीडब्ल्यूसी बुलेटिन के अनुसार 42 जलाशयों में उपलब्ध कुल भंडारण 8.353 बीसीएम या 53.334 बिलियन क्यूबिक मीटर की कुल क्षमता का 16 प्रतिशत है। 2023 की इस अवधि के दौरान इन जलाशयों का भंडारण कुल क्षमता का 28 प्रतिशत था, जबकि इसी अवधि के दौरान पिछले दस वर्षों का औसत भंडारण 22 प्रतिशत था। 150 जलाशयों में कुल भंडारण 50.432 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) है, जो उनकी संयुक्त भंडारण क्षमता का मात्र 28 प्रतिशत है।

मोदी के आने से बड़ा बदलाव हुआ,

## पहले जहां बनते थे देशी कट्टे अब तोप के गोले तैयार हो रहे हैं : अमित शाह



**(एजेंसी)**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि एक जमाना था कि उत्तर प्रदेश में देशी कट्टे बनते थे लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने बुंदेलखंड में डिफेंस कॉरिडोर बनाया और अब यहां तोप के गोले बनते हैं। शाह झांसी लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अनुराग शर्मा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा, ''मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने और उत्तर प्रदेश के विकास की शुरुआत हुई। एक जमाना था जब उत्तर प्रदेश में देशी कट्टे बनते थे लेकिन मोदी ने बुंदेलखंड में डिफेंस कॉरिडोर बनाया और अब यहां तोप के गोले बनते हैं।' उन्होंने कहा,'' पाकिस्तान ने अगर कोई भी गलती की तो ये बुंदेलखंडी गोला पाकिस्तान पर गिरेगा और उसका सफाया कर देगा।'' शाह ने कहा, ''कांग्रेस के नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा है कि पाकिस्तान को सम्मान दो, उसके पास एटम बम है, उनसे पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर) मत मांगों। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि ये नरेन्द्र मोदी की सरकार है, हम एटम बम से नहीं डरते ,पीओके भारत का है, रहेगा और हम उसे लेकर रहेंगे।'' दरअसल हाल में एक वीडियो सार्वजनिक हुआ था जिसमें अय्यर यह कहते नजर आ रहे थे कि भारत को पाकिस्तान का सम्मान करना चाहिए क्योंकि वह एक संप्रभु राष्ट्र है और उसके साथ जुड़ना चाहिए क्योंकि उसके पास भी परमाणु बम है। अय्यर ने वीडियो में कहा था कि अगर कोई 'पागल व्यक्ति' वहां सत्ता में आता है और परमाणु बम का इस्तेमाल करता है तो यह अच्छा नहीं होगा और इसका असर यहां भी होगा । शाह ने दावा किया, 'चुनाव के चार चरण समाप्त हो चुके हैं। चार चरण में मोदी 270 सीट लेकर तीसरी सेंचुरी की ओर आगे बढ़ गए हैं और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'इंडी' गठबंधन का सूपड़ा साफ हो गया है। अब ये निश्चित हो गया है कि मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।' बाद में बांदा में भाजपा प्रत्याशी आर के सिंह पटेल के पक्ष मे एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि ये चुनाव सांसद बनाने का नहीं है, ये चुनाव रामभक्तों पर गोली चलाने वालों और श्रीराम मंदिर बनाने वालों के बीच का चुनाव है। उन्होंने कहा, 'अखिलेश, डिंपल, राहुल, सोनिया जी... सबको राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भेजा गया था, लेकिन ये लोग नहीं गए, क्योंकि ये अपने वोट बैंक से डरते हैं। इन लोगों ने वोट बैंक की राजनीति करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।'

## ओडिश में डबल इंजन की भाजपा सरकार बनाना हमारा पहला लक्ष्य: भजनलाल शर्मा



**भुवनेश्वर। (एजेंसी)**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आह्वान कर कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को मज़बूत करते हुए ओडिशा में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनाना हमारा परम लक्ष्य है। श्री शर्मा ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में प्रवासी राजस्थानियों के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दुनिया के लोकप्रिय नेता श्री मोदी का संकल्प एवं उत्साह हमारे लिए प्रेरणा पुंज है। गरीब कल्याण से लेकर देश के विकास, सीमाओं की सुरक्षा एवं दुनिया में देश के गौरव को बढ़ाने वाले मोदीजी हैं। उन्होंने कहा कि देश में गरीब, युवा, महिला और किसान के कल्याण के लिए पिछले एक दशक में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थानी मूल रूप से मेहनत, ईमानदारी एवं लगन के लिए पहचाने जाते हैं। ओडिशा सहित पूरे देश में राजस्थानियों की मज़बूत पहचान बन चुकी है और राष्ट्रहित की नींव से जुड़े इन लोगों के लिए देश ही सर्वोपरि होता है।

## पुतिन की तरह विरोधियों को खत्म करने में जुटे पीएम मोदी : केजरीवाल

**नई दिल्ली ।(एजेंसी)**



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देश की स्थिति की तुलना रूस से कर पीएम मोदी पर परोक्ष रूप से कटाक्ष कर कहा कि भारत बहुत खतरनाक दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा, वर्तमान में, देश के हालात बहुत खतरनाक हैं। पुतिन रूस के राष्ट्रपति हैं, पुतिन ने सभी प्रतिद्वंद्वी नेताओं को या तो जेल भेज दिया या उन्हें मरवा दिया और फिर चुनाव कराए और 87 फीसदी वोट हासिल किए।

इतना ही नहीं बांग्लादेश में हाल ही में चुनाव हुए। सभी विरोधी नेताओं को गिरफ्तार किया गया और चुनाव में शेख हसीना की जीत हुई। पाकिस्तान चुनावों में, देश के सबसे वरिष्ठ नेता इमरान खान को जेल में डाल दिया, उनकी पार्टी को नष्ट कर, उनकी पार्टी का चुनाव चिन्ह छीन लिया गया। केजरीवाल ने कहा, मोदी जी, बांग्लादेश और पाकिस्तान से सीखने के बाद, उसी चीज को देश में लागू करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, उन्होंने मुझे जेल में डाल दिया, (पूर्व दिल्ली डिप्टी सीएम) मनीष सिसौदिया को भी जेल में डाल दिया गया। कांग्रेस पार्टी का बैंक खाता जब्त किया गया। इस बीच, कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार के खिलाफ एक अंडरकरंट है, इस कारण है कि पीएम डरे हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि मोदी रोजगार सृजन और महंगाई पर काबू पाने पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस मौके पर एनसीपी (सपा) प्रमुख शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र जानता है कि मुश्किल समय में शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे ने मोदी की मदद की थी, लेकिन प्रधानमंत्री अब यह भूल गए हैं।

## बुलडोजर का ज़िक्र कर लोगों को उकसा रहे पीएम मोदी...आयोग ले एक्शन : खड़गे

### महाराष्ट्र में 48 में 46 सीटें जीतेगा इंडिया गठबंधन

**नई दिल्ली ।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आरोप कि, सपा, कांग्रेस सत्ता में आने पर राम मंदिर पर बुलडोजर चलाएगी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री लोगों को उकसा रहे हैं और चुनाव आयोग को कार्रवाई करनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने पीएम मोदी पर महाराष्ट्र में, अवैध महायुति सरकार का समर्थन करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अब तक बुलडोजर नहीं चलाया...भड़काऊ भाषण देने वालों के खिलाफ चुनाव आयोग को कार्रवाई करनी चाहिए। प्रधानमंत्री स्वयं ऐसा कर रहे हैं। वे लोगों को भड़का रहे हैं। खड़गे ने कहा कि हमारी सरकार आने के बाद हमारे संविधान के अनुसार सभी चीजों की रक्षा होगी, हम संविधान का पालन करने वाली पार्टी है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने ये आरोप मुंबई में प्रेसवार्ता में लगाया। इस दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा) के शरद पवार और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक महाराष्ट्र में 48 में से 46 सीटें जीतेगा। ये बात लोग खुद कह रहे हैं। हमारा गठबंधन अधिकतम सीटें जीतेगा और भाजपा को हराएगा। खरगे ने शिव सेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का जिक्र कर इसका अफसोस जताया कि महाराष्ट्र में असली पार्टियों से पार्टी का चिन्ह छीन लिया और भाजपा को समर्थन करने वाली पार्टियों को दे दिया गया। खरगे ने अनुच्छेद 370 पर उनकी पार्टी के रुख के बारे में पूछने पर कहा, ''मैं मोदी के प्रति जवाबदेह नहीं हूं। हमने अपने घोषणापत्र में जो वादा किया है हम उन सभी वादों को पूरा करने वाले है। उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, वे जहां भी जाते हैं, विभाजन करने की कोशिश करते हैं, समाज को बांटने की बात करते हैं। खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र को मुस्लिम लीग का घोषणापत्र बताया था लेकिन अब वह कहते हैं कि यह माओवादी घोषणापत्र है।

## किर्गिस्तान में हिंसा, भारत, पाकिस्तान ने अपने छात्रों को घर में रहने को कहा

### -बिश्केक में मेडिकल विश्वविद्यालयों के छात्रावासों पर हमले

**नई दिल्ली। (एजेंसी)**

किर्गिस्तान की राजधानी में अंतरराष्ट्रीय छात्रों को निशाना बनाने वाली भीड़ की हिंसा के बीच भारत और पाकिस्तान ने शनिवार को बिश्केक में अपने छात्रों को घर के अंदर रहने को कहा है, जबकि किर्गिस्तान में भारतीय दूतावास ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है। पाकिस्तान ने कहा कि हिंसा के बीच बिश्केक में मेडिकल विश्वविद्यालयों के कुछ छात्रावासों पर हमला किया गया है, जहां भारत, बांग्लादेश और पाकिस्तान के छात्र रह रहे हैं। भारतीय दूतावास ने कहा कि वह छात्रों के संपर्क में हैं, लेकिन छात्रों को सलाह दी है कि वे घर के अंदर ही रहें और कोई भी परेशानी होने पर दूतावास से संपर्क साधें। बिश्केक में मिशन ने ट्वीट किया, हमारा 24-7 संपर्क नंबर 0555710041 है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक करीब 14,500 भारतीय छात्र किर्गिस्तान में पढ़ाई करने गए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दूतावास के पोस्ट को रीट्वीट किया और कहा कि बिश्केक में भारतीय छात्रों की निगरानी की जा रही है वहां स्थिति अब शांत है। बिश्केक में पाकिस्तान के दूतावास ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की अपनी एडवाइजरी में कहा कि 13 मई को किर्गिज़ और मिस्र के छात्रों के बीच लड़ाई के वीडियो वायरल होने के बाद मामला बढ़ गया। इसमें कहा गया है कि बिश्केक में मेडिकल विश्वविद्यालयों के कुछ छात्रावासों और पाकिस्तानियों समेत अंतरराष्ट्रीय छात्रों के घरों पर हमला किया गया। छात्रावासों में भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के छात्र रहते हैं। पाकिस्तान से कई छात्रों को हल्की चोटों आने की खबरें है। दूतावास ने आगे कहा कि पाकिस्तानी छात्रों को स्थिति सामान्य होने तक घर में रहने के लिए कहा गया है। यह हिंसा सभी विदेशी छात्रों के खिलाफ प्रतीत होती है, न कि केवल पाकिस्तानियों के खिलाफ। वर्तमान में मध्य एशियाई राष्ट्र में करीब 10,000 पाकिस्तानी छात्र हैं। इस बीच, किर्गिस्तान में पाकिस्तान के



राजदूत हसन ज़ैगम ने कहा कि अधिकारी छात्रों की सुरक्षा करने के लिए बिश्केक में स्थानीय कानून प्रवर्तन के साथ संपर्क कर रहे हैं।

## पहला कॉलम




### जम्मू कश्मीर में भूकंप के हल्के झटके

**जम्मू ।** जम्मू-कश्मीर में शनिवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। प्रशासन के अधिकारी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में स्थानीय समयानुसार 08¬35 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.5 मापी गई। भूकंप का केंद्र 33.36 डिग्री उत्तरी अक्षांश, 76.65 पूर्व देशांतर तथा पृथ्वी की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई पर रहा। उन्होंने कहा कि राज्य में कहीं से किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की रिपोर्टें नहीं है।

### नीट परीक्षा मामले में केंद्र सरकार और परीक्षा एजेंसी को नोटिस

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की खंडपीठ ने शुक्रवार को नीट यूजी परीक्षा में पेपर लीक की आशंका को लेकर, केंद्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को नोटिस जारी किया है। जनहित याचिका में सुप्रीम कोर्ट ने रिजल्ट पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। नीट के प्रश्न पत्र लीक हो जाने के मामले में एक जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट में लगाई गई है। जिसमें परीक्षा माफिया द्वारा प्रश्न पत्र लीक किए जाने पर परीक्षा परिणाम पर रोक लगाने की मांग की गई थी। गुजरात और बिहार के माफिया द्वारा प्रश्न पत्र लीक किया गया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में गुजरात और बिहार के प्रतियोगी परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक मामले में गिरफ्तार किए गए हैं।

### श्रद्धालुओं से भरी बस खड़े ट्रक से टकराई, एक की मौत

**- दर्जनों घायल, चार गंभीर घायलों को सैफई किया रेफर**

**फिरोजाबाद।** यूपी के फिरोजाबाद में श्रद्धालुओं से भरी बस हादसे की शिकार हो गई। इस हादसे में एक की मौत हो गई। वहीं दो दर्जन से ज्यादा यात्री घायल हो गईं हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस गाजियाबाद से श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या जा रही थी। चार गंभीर घायलों को सैफई रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक आज यानी शनिवार अलसुबह बस चालक को नींद को झोंका आने से बस अनियंत्रित हो गई और ट्रक से जा टकराई। हादसा थाना नसीरपुर क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर हुआ है। जानकारी के अनुसार यह बस बीती रात गाजियाबाद से अयोध्या के लिए श्रद्धालुओं को लेकर निकाली थी। आगरा से कानपुर के बीच लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर फिरोजाबाद के नजदीक एक ट्रक में बस ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि 17 सवारियां उछलकर आगे जा गिरीं। बस में सवार सभी श्रद्धालु घायल हो गए। गंभीर हालत में चार लोगों को सैफई रेफर किया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लिया। घटना में ड्राइवर की मौत हो गई है।

### पहली तिमाही में 9.7 करोड़ यात्रियों ने की हवाई यात्रा

**नई दिल्ली ।** भारत में हवाई यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इस साल की पहली तिमाही में 9.7 करोड़ यात्रियों ने हवाई जहाज के माध्यम से यात्रा की। मास्टर कार्ड इकोनामी इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट के अनुसार 2024 में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। 2019 की तुलना में 21 फीसदी हवाई यात्री बढ़ गए हैं। इसमें चार फ़ीसदी यात्री अंतर्राष्ट्रीय यात्रा कर रहे हैं। 2019 में भारत से 27 लाख लोग विदेश घूमने गए थे। 2024 के पहले तीन माह में भारत से 2.3 करोड़ यात्री विदेश यात्रा पर गए हैं। युवाओं में हवाई यात्रा करने का रुझान काफी बढा है। रिपोर्ट में बताया गया है, वियतनाम भारतीय पर्यटकों के लिए सबसे पसंदीदा जगह है। 2024 में 248 फ़ीसदी वियतनाम की यात्रा करने वाले भारतीयों की संख्या बढ़ी है। भारत और वियतनाम के बीच में सीधी फ्लाइट है।वियतनाम में खाना पीना सस्ता है। पर्यटन स्थल भी बहुत हैं। वियतनाम के बाद सबसे ज्यादा यात्रा अमेरिका और जापान जा रहे है।

### सड़क पर मिर्ची फेंक कर चले गए किसान

**रतलाम ।** रतलाम की मंडी में मिर्ची के दाम आवक ज्यादा होने से घट गए। किसान मंडी तक जो मिर्ची लेकर पहुंचे,उसमें उन्हें 12 से ₹13 प्रति किलो का खर्च आया। मंडी में आवक ज्यादा होने से ₹6 प्रति किलो के दाम पर मिर्ची बिक रही थी। ₹6 में भी जब खरीदार नहीं मिले, तो किसान सड़क पर मिर्ची की बोरियों को फेंक कर चले गए। उनके पास इसके अलावा कोई विकल्प नहीं था। जब किसान की फसल आती है। उस समय इसी तरीके के हालात मंडियों में देखने को मिलते हैं। जिसके कारण किसानों को अपने उत्पाद का सही मूल्य नहीं मिल पाता है। इन्ही कारणों से किसान कर्ज के बोझ में डबते चले जा रहें हैं।



## संपादकीय

# मौसम की मार

भारत में इन दिनों मौसम चिंता की एक वजह बना हुआ है। मौसम के मिजाज में खासा अंतर दिख रहा है। कहीं भयानक लू है, तो कहीं वर्षा से सामान्य जनजीवन प्रभावित है। दिल्ली में तो अस्थिर किस्म का मौसम है, कभी खूब गरमी, तो कभी राहत की कुछ फुहारें। मुंबई का भी ऐसा ही हाल है। तापमान एक दशक का रिकॉर्ड तोड़ रहा है, तो कहीं बारिश राहत बन बरस रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में उत्तर भारतीय राज्यों में गंभीर गरमी का एहसास होगा। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, इसका मतलब है कि कमजोर स्वास्थ्य के लोगों को विशेष रूप से सावधान रहना होगा। जो लोग बदलते मौसम के साथ कमजोरी महसूस करते हैं या पहले से ही बीमार हैं, उन्हें विशेष रूप से गरमी से बचने के इंतजाम करने पड़ेंगे। साथ ही, जो लोग स्वस्थ हैं, उन्हें भी धूप से बचने के प्रबंध के साथ ही घर से निकलना होगा। मौसम विभाग ने यह भी बताया है कि उत्तर-पश्चिम भारत में अगले पांच दिनों तक उमस भरी स्थिति रहेगी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। पुन- आगाह किया गया है कि जो लोग कड़ी मेहनत करते हैं या धूप में बहुत समय बिताते हैं, उन्हें गरमी से संबंधित बीमारियों का खतरा अधिक हो सकता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में भी पारा सामान्य से काफी ऊपर चल रहा है, जिसका असर घर से खेत तक साफ दिखाई पड़ रहा है। विशेषज्ञों का अनुमान है, आने वाले दिनों में गरमी का कहर जारी रहेगा और यह कुछ जगहों पर समय के साथ बढ़ भी सकता है। झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भी लोगों को चेताया गया है। कुछ जगहों पर बारिश की संभावना है, पर ज्यादातर इलाके बारिश के लिए तरसेंगे। गरम हवा का स्तर भी कम हो रहा है, जिससे धरती की तपन बढ़ी है। आईएमडी के महानिदेशक एम महापात्रा ने भी बता दिया है कि अगले सात दिन गरमी रहेगी। वैसे, गौर करने की बात है कि मौसम विभाग ने मई महीने में सामान्य से ज्यादा तापमान की भविष्यवाणी पहले ही कर दी थी। एक बड़ी चिंता की बात यह है कि तापमान का असर चुनाव और मतदान पर भी खूब पड़ेगा। मतदान का प्रतिशत अभी भी चर्चा की एक बड़ी वजह बना हुआ है। चुनाव आयोग को मतदान केंद्रों पर भी विशेष प्रबंध करने पड़ सकते हैं, ताकि दूर से मतदान के लिए आया कोई व्यक्ति प्रतिकूल मौसम की वजह से परेशान न हो। सेहत से कमजोर लोगों के लिए ज्यादा बेहतर यही है कि सुबह के समय ही मतदान कर दें। क्या सुबह और शाम के समय मतदान का समय बढ़ाया जा सकता है? अगर ऐसा होता है, तो लोगों को मतदान केंद्रों तक लाने में सुविधा होगी। हालांकि, यह अच्छी बात है कि चुनाव के प्रमुख चार बड़े चरण पूरे हो चुके हैं। दक्षिण भारत में मतदान संपन्न हो चुका है और वहां अनेक इलाकों में गरज के साथ बारिश हो रही है। वैसे, मानसून के रविवार को दक्षिण अंडमान सागर, बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों और निकोबार द्वीप समूह में प्रवेश करने का अनुमान है। यह विडंबना ही है कि मौसम विभाग ने तमिलनाडु के लिए बाढ़ की चेतावनी जारी की है। यह शायद हमारे देश के भूगोल की ही विशेषता है कि जब उत्तर भारत ताप से तप रहा होगा, तब दक्षिण भारत के साथ ही, पूर्वोत्तर भारत झमाझम भीग रहा होगा।

## आज का राशीफल

**मेष** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

**वृषभ** पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। रुपये पैसे के लेन देन में सावधानी रखें। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। ससुराल पक्ष से तनाव मिलेगा।

**मिथुन** जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किसी रिश्तेदार के कारण तनाव मिल सकता है। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी।

**कर्क** आर्थिक योजना फलीभूत होगी। धन पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। अनावश्यक व्यय से मन अशान्त रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**सिंह** राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। व्यवसायिक व पारिवारिक योजना सफल रहेगी। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। प्रियजन भेंट संभव।

**कन्या** संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। नए अनुबन्ध प्राप्त होंगे। किसी बहुमूल्य वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी। व्यर्थ की भागदौड़ भी रहेगी।

**तुला** जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। आमोद-प्रमोद के साधनों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** व्यावसायिक योजना सफल होगी। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी।

**धनु** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। धन पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी रिश्तेदार के कारण तनाव मिल सकता है। विरोधियों का पराभव होगा। वाद विवाद की स्थिति आपके हित में न होगी।

**मकर** दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। अनावश्यक कष्टों का सामना करना पड़ेगा।

**कुम्भ** बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। शासन सत्ता से तनाव मिलेगा। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी।

**मीन** गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। खान-पान में संयम रखें। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे।

# प्रत्येक युवा हेतु प्रशिक्षुता अधिकार सुनिश्चित हो

संतोष मेहरोत्रा



कांग्रेस ने 2024 के आम चुनाव के जारी अपने घोषणा पत्र में उच्चतर सर्टिफिकेट, डिग्री, डिप्लोमाधारी तमाम युवाओं को प्रशिक्षुता का अधिकार देने का वादा किया है। यह संकल्प 25 वर्ष से नीचे के सभी युवाओं को उन जगहों पर प्रशिक्षण और रोजगार की गारंटी सुनिश्चित करता है जहां पर वे प्रशिक्षु रहते हुए कौशल सीखेंगे। यह प्रारूप जर्मनी के कौशल मॉडल सिद्धांत पर आधारित है (जहां स्कूली शिक्षा पाने के दौरान छात्रों को किसी न किसी काम का कार्यानुभव करवाया जाता है)। भारत में व्यवसायिक कौशल परिदृश्य सदा से आपूर्ति-संचालित रहा है, जिसमें विद्यार्थी को शिक्षा तो मिलती है लेकिन असल मायने में कोई व्यावसायिक कौशल नहीं सिखाया जाता। इस व्यवस्था में, रोजगार प्रदाताओं का उनसे न तो कोई सीधा संपर्क होता है न ही उन्हें प्रशिक्षु-कामगार रखने की जरूरत महसूस होती है। यह स्थिति भारत में सरकार के कौशल विकास कार्यक्रम की कारगुजारी की समीक्षा करने की जरूरत दर्शाती है और यह भी कि क्योंकर प्रशिक्षुता का अधिकार सुधार लाने की दिशा में एक सही कदम होगा। भारत में 2000 के दशक तक, लगभग आधी सदी तक व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण का क्षेत्र उपेक्षित रहा है (यह भारत की योजना नीतियों में समुचित स्कूली शिक्षा पर ध्यान न देने जैसा है) जिसकी कीमत आज हम चुका रहे हैं। वर्ष 1991 में, जब भारत में आर्थिक सुधार होने शुरू हुए, साक्षरता दर 51 प्रतिशत थी, अर्थात् भारत की कुल आबादी का आधा हिस्सा अनपढ़ था और यह तबका अधिकांशतः कृषि क्षेत्र में केंद्रित था। हालांकि 1990 के दशक में स्कूली शिक्षा पर अधिक खर्च करने के रूप में नए सिरे से जोर देना शुरू हुआ परंतु शिक्षा के साथ व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण देना फिर भी उपेक्षित बना रहा (हालांकि उच्च तकनीकी शिक्षा में ऐसा नहीं था)। 11वीं पंचवर्षीय योजना (2007-12) पहली ऐसी थी जिसमें कौशल विकास के विषय पर एक अलग से अध्याय था। परिणामस्वरूप, भारत का उत्पादन क्षेत्र एवं सेवा श्रम बल की संरचना आज भी निम्न शिक्षा वालों से बनी है। बदतर स्थिति यह कि राष्ट्रीय सैम्पल सर्वे विभाग का रोजगार-बेरोजगारी अध्ययन 2011-12 बताता है कि श्रम बल का महज 2.2 प्रतिशत हिस्सा औपचारिक प्रशिक्षु श्रेणी से है। आवधिक श्रम बल सर्वे के आंकड़े दर्शाते हैं कि औपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त श्रमिकों की संख्या वर्ष 2011-12 में 2.2 फीसदी थी (1 करोड़ 43 लाख) जो 2017-18 में घटकर 2 प्रतिशत (91 लाख 40 हजार) रह गई। लेकिन अगले पांच साल यानी 2022-23 में यह 3.7 फीसदी (2 करोड़ 5 लाख) हो गई। इसलिए, जिन्हें हम व्यावसायिक रूप से प्रशिक्षित कह सकते हैं, वे कहां से आन जुड़े? आवधिक श्रमबल सर्वे-2017-18 बताता है कि कुल व्यावसायिक प्रशिक्षुओं में 22 फीसदी वह थे जिन्होंने 6 माह से कम अवधि का कोर्स किया हो, अब यह अंश बढ़कर 37 प्रतिशत हो गया है। अधिक चिंताजनक यह कि 2017 में 29 फीसदी प्रशिक्षु ऐसे थे जिन्होंने दो साल या अधिक अवधि के कोर्स किए थे, जो अब घटकर 14.29 फीसदी रह गए हैं। भारत कौशल मिशन नामक कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षुता अवधि बहुत कम है (कुछ मामलों में तो महज 10 दिन)। वर्ष 1961 से भारत का अपना प्रशिक्षुता अधिनियम है, जिसके तहत तमाम पंजीकृत कंपनियों और उद्यमों के लिए जरूरी है कि वे अपने यहां एक साल या उससे अधिक अवधि के लिए प्रशिक्षु रखें ताकि वे नौकरी पर रहते हुए व्यावयायिक दक्षता हासिल कर पाएं। दस साल पहले गैर-कृषि उद्यम वर्ग में लगभग 2,50,000 पंजीकृत प्रशिक्षुक थे। अगस्त, 2016 में, भारत सरकार ने राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना शुरू की, जिसके लिए 10,000 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया। हालांकि इसका उद्देश्य था कि वर्ष 2020 तक 50 लाख युवा प्रशिक्षु बनकर कौशलयुक्त हो सकेंगे लेकिन 2022 तक 20 लाख ही बन पाए। 2017 से 2022 के बीच, इस योजना के लिए रखे गए 10,000 करोड़ रुपये में केवल 650 करोड़ रुपये ही राज्यों को मिले।

2023 में राष्ट्रीय प्रशिक्षुता योजना-2 शुरू की गई, लेकिन इसके आंकड़े फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं। 2022 में आए अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के एक अध्ययन का निष्कर्ष था कि 1961 वाले अधिनियम में किए गए संशोधन भारत में प्रशिक्षुओं की संख्या में बढ़ोतरी करने में सहायक रहे। 2022-23 में कुल 57 करोड़ श्रम बल में औपचारिक प्रशिक्षुता वर्ग में आने वालों की गिनती केवल 5 लाख के आसपास थी, हालांकि दस साल पहले यह संख्या 2.5 लाख थी। स्पष्ट है कि संशोधनों का परिणाम चमत्कारी नहीं रहा। इसमें हैरानी नहीं होनी चाहिए, क्योंकि लगभग संपूर्ण निजी कॉर्पोरेट सेक्टर अपने यहां प्रशिक्षुता योजना लागू करने के प्रति ज्यादातर उदासीन रहा है। केवल केंद्रीय और राज्यों के सरकारी उद्यम इस अनिवार्यता को पूरा करने में यत्न करते दिखाई देते हैं। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तो अभी भी इस योजना से आंखें फेरना जारी रखे हुए हैं। नतीजतन, जहां जर्मनी के कुल 4 करोड़ 60 लाख श्रमबल में से कम से कम 60 लाख प्रशिक्षु श्रेणी से हैं, वहीं भारत में इनकी गिनती केवल 5 लाख है। यह अंतर उद्यम/नियोक्ता की रोजगार पूर्व प्रशिक्षण में भागीदारी के स्तर की वजह से है, जो भारत को आपूर्ति-संचालित बनाता है, जबकि दुनियाभर में व्यावसायिक प्रशिक्षुता प्रशिक्षण कार्यक्रम मांग-संचालित हैं। भारत में प्रति वर्ष श्रम बल में 60 लाख नये रोजगार अभिलाषियों के जुड़ने और पहले से 10 करोड़ से अधिक खाली बैठे युवाओं के चलते (जो न तो शिक्षा क्षेत्र में हैं न ही किसी नौकरी या प्रशिक्षण में) जिस चीज़ की फौरी जरूरत है, वह है उनकी शिक्षा के हिसाब से काम मिलना, फिर चाहे यह शिक्षा सामान्य प्रवृत्ति वाली हो या व्यावसायिक या फिर तकनीकी। इसके लिए जरूरत है केंद्रीय सरकार के गंभीर चिंतन और नियोक्ताओं/उद्योग जगत को साथ जोड़कर कौशल विकास प्रक्रिया फौरी शुरू करवाने की। यह फौरी जरूरत निम्न तथ्यों से बनती है : भारत कौशल रिपोर्ट 2021 की दलील है कि भारत में स्नातक स्तर की शिक्षा प्राप्त युवाओं में लगभग आधे खाली बैठे हैं। वर्ष 2012 में मुक्त बेरोजगारी लगभग 2.1 फीसदी थी जो 2018 में तीन गुणा बढ़कर 6.1 प्रतिशत हो गई, यह दर पिछले 45 सालों के सर्वे में उच्चतम है। शिक्षित बेरोजगार, कौशल कार्यक्रम के प्रति अनिच्छुकता, घटिया दर्जे का प्रशिक्षण और पढ़ाई उपरांत नौकरी मिलने की नगण्य दर के आलोक में कौशल परिदृश्य में आमूलचूल परिवर्तन करना एक त्वरित आवश्यकता बन गई है। केवल बड़ी-बड़ी बातें करने और बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए सरकारी आंकड़ों से काम नहीं बनने वाला। सरकार के लिए गिनती की बजाय गुणवत्ता को तरजीह देना लाजिमी हो ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इन कार्यक्रमों से निकलकर आया हर कोई श्रम बल में अर्थपूर्ण योगदान कर पाए। कौशल विकास नीतियां और कार्यक्रम विफल सिद्ध हुए हैं, उनमें स्विट्ज़रलैंड और जर्मनी के मॉडल की तर्ज पर आमूलचूल सुधार करने की आवश्यकता है, जिसमें युवा और उद्योग को ध्यान के केंद्र में रखा जाता है। प्रत्येक युवा के लिए प्रशिक्षुता का अधिकार सुनिश्चित करना एक फौरी तरजीह हो।

लेखक आईज़ेडए इंस्टिट्यूट ऑफ लेबर इकॉनोमिक्स, जर्मनी में रिसर्च फैलो हैं।

# मिलिए दुनिया की पहली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ब्रह्माकुमारी से!

(लेखक- डॉ श्रीगोपाल नारसन)

दुनिया मे शांति, अध्यात्म व चरित्र निर्माण के संदेश देंकर युग परिवर्तन के लिए परिवर्तनशील प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय जिसका मुख्यालय माउंट आबू में है,ने अपने ईश्वरीय परिवार में दुनिया की पहली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ब्रह्माकुमारी को शामिल किया है।जिसका नाम बीके शिवांगी रखा गया है और वह समर्पित होकर सुख शांति धाम में ईश्वरीय सेवा का कार्य करने लगी है।बीके शिवांगी को देखकर लगता ही नही कि वह प्राकृतिक मनुष्य न होकर कृत्रिम मनुष्य हो,अपितु शक्ल-सूरत,बोलचाल और रहन -सहन में वह परिपक्व श्रीमत पर चलने वाली ब्रह्माकुमारी नज़र आती है।इंसान के रूप में एक मशीन का पदार्पण निश्चित ही भविष्य की असीम सम्भावनाओ को रेखांकित करता है।दरअसल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का शुरुआत सन 1950 के दशक में हो गई थी, लेकिन इसकी महत्ता को सन 1970 के दशक में पहचान मिल पाई। जापान ने सबसे पहले इस ओर पहल की और सन 1981 में फिफ्थ जनरेशन नामक योजना की शुरुआत की। इस योजना में सुपर-कंप्यूटर के विकास के लिये 10-वर्षीय कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई थी। ब्रिटेन ने इसके लिये एल्वी नाम का एक प्रोजेक्ट बनाया था। यूरोपीय संघ के देशों ने भी एस्प्रिट नाम से उक्त विषय पर एक कार्यक्रम की शुरुआत की थी। सन1983 में कुछ निजी संस्थाओं ने मिलकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर उन्नत तकनीक सर्किट का विकास करने के लिये एक संघ 'माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कंप्यूटर टेक्नोलॉजी' की स्थापना की।वही तत्कालीन केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली ने सन 2018-19 के बजट में व्यवस्था दी कि केंद्र सरकार का थिंकटैंक नीति आयोग जल्दी ही राष्ट्रीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करेगा। चीन ने पहले ही अपने त्रिस्तरीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यक्रम की रूपरेखा जारी कर दी थी, जिसके बल पर वह वर्ष 2030 तक इस क्षेत्र में विश्व में सबसे आगे बढ़ना चाहता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अर्थ है बनावटी यानि कृत्रिम तरीके से विकसित की गई बौद्धिक क्षमता।इसके ज़रिये कंप्यूटर सिस्टम या रोबोटिक सिस्टम तैयार किया जाता है, जिसे उन्हीं तर्कों के आधार पर चलाने का प्रयास किया जाता है जिसके आधार पर मानव मस्तिष्क काम करता है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जनक जॉन मैकार्थी के अनुसार यह बुद्धिमान मशीनों, विशेष रूप से बुद्धिमान कंप्यूटर प्रोग्राम को बनाने का विज्ञान और अभियांत्रिकी है अर्थात यह मशीनों द्वारा प्रदर्शित किया गया इंटेलिजेंस है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित रोबोट या फिर मनुष्य की तरह इंटेलिजेंस तरीके से सोचने वाला सॉफ़्टवेयर बनाने का एक तरीका है,जिसे अपनाकर ही बीके शिवांगी का निर्माण हुआ है। यह तकनीक इसके बारे में अध्ययन करती है कि मानव मस्तिष्क कैसे सोचता है और समस्या को हल करते समय कैसे सीखता है, कैसे निर्णय लेता है और कैसे काम करता।इस विषय पर स्टार वार, मैट्रिक्स, आई रोबोट, टर्मिनेटर, ब्लेड रनर जैसी हॉलीवुड फ़िल्में भी बन चुकी हैं, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम से सन 1997 में शतरंज के महान खिलाड़ियों में शुमार गैरी कास्पोरोव को हराया जा चुका है।राष्ट्रीय स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने के लिये नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। इसमें सरकार के प्रतिनिधियों के अलावा शिक्षाविदों तथा उद्योग जगत को भी प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

वर्तमान बजट में सरकार ने फिफ्थ जनरेशन टेक्नोलॉजी स्टार्ट अप के लिये 480 मिलियन डॉलर का प्रावधान किया है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग इंटरनेट ऑफ थिंग्स, 3-ष्ठ प्रिंटिंग और ब्लॉक चेन शामिल हैं।इसके अलावा सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग, बिग डाटा इंटेलिजेंस, रियल टाइम डाटा और क्वांटम कम्युनिकेशन के क्षेत्र में शोध, प्रशिक्षण, मानव संसाधन और कौशल विकास को बढ़ावा देने के योजना बना रही है।भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की रचना की जाएगी, जो कि मनुष्यों के मस्तिष्क से अधिक तीक्ष्ण है। यह बुद्धिमत्ता समस्याओं के समाधान बहुत तीव्रता से कर सकेगी, जो कि मनुष्य की क्षमता से परे है।

माना जाता है कि सन 2045 तक मशीनें स्वयं सीखने और स्वयं को सुधारने में सक्षम हो जाएंगी और इतनी तेज़ गति से सोचने, समझने और काम करने लगेंगी कि मानव विकास का पथ ही बदल जाएगा।हालांकि अभी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भारत में शैशवावस्था में है और देश में कई ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें इसे लेकर प्रयोग किये जा सकते हैं। देश के विकास में इसकी संभावनाओं को देखते हुए उद्योग जगत ने सरकार को सुझाव दिया है कि वह उन क्षेत्रों की पहचान करे जहाँ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल लाभकारी हो सकता है।

सरकार भी चाहती है कि सुशासन के लिहाज़ से देश में जहां संभव हो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया जाए। सरकार ने उद्योग जगत से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल के लिये एक मॉडल बनाने में सहयोग करने की अपील की है।यह भी सच है कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस युक्त मशीनों से जितने फायदे हैं, उतने ही खतरे भी हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि सोचने-समझने वाले रोबोट अगर किसी कारण या परिस्थिति में मनुष्य को अपना दुश्मन मानने लगें, तो मानवता के लिये खतरा पैदा हो सकता है। सभी मशीनें और हथियार बगावत कर सकते हैं। ऐसी स्थिति की कल्पना हॉलीवुड की टर्मिनेटर फिल्म में की गई है।इसके सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही प्रभावों के संबंध में एक समग्र अध्ययन करना होगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर सरकार को सतर्क रहना होगा। मशीनीकरण के माध्यम से आए परिवर्तनों से सर्वाधिक प्रभावित वे समूह होते हैं जो अपनी कौशल क्षमता में निश्चित समय के भीतर वांछनीय सुधार लाने में असमर्थ होते हैं। सरकार को चाहिये कि ऐसे लोगों को पर्याप्त प्रशिक्षण देने के लिये समय के साथ-साथ संसाधन भी उपलब्ध कराए।लेकिन साथ ही यदि इस तकनीक का उपयोग ब्रह्माकुमारीज़ की तरह विश्व शांति, सदभाव व चरित्र निर्माण के लिए किया जाए तो सार्थक होगा।फिलहाल तो हम दुनिया की पहली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ब्रह्माकुमारी का ब्रह्माकुमारीज़ परिवार में स्वागत ही कर सकते है।

(लेखक ब्रह्माकुमारीज़ से जुड़े है और विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उपकुलपति है)

## विचार मंथन

# आम आदमी पार्टी को ईड़ी ने बनाया आरोपी, देश का पहला मामला

(लेखक- सनत जैन)

100 करोड रुपए के शराब घोटाले के आरोप मैं पहली बार किसी राजनीतिक दल को आरोपी बनाया गया है। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों का कहना है, शराब घोटाले की रकम को गोवा के चुनाव में खर्च किया गया है। जिसके कारण आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाया गया है। मनी ट्रेल में आम आदमी पार्टी भी शामिल है। शुक्रवार को न्यायालय में सातवीं चार्ज शीट दायर की गई है। इस आरोप पत्र में अभियुक्त के रूप में अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी भी शामिल किया गया है। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों का कहना है, केजरीवाल के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। शराब घोटाले की रकम को गोवा के चुनाव में खर्च किया गया है। इसके प्रमाण भी ईड़ी के पास उपलब्ध हैं। इसलिए उन्होंने राजनीतिक दल आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाया है। भारत में इस तरह का यह पहला मामला है। राजनीतिक दल को कभी किसी भी अपराधिक मामले में आरोपी नहीं बनाया गया। राजनीतिक दल के पदाधिकारी यदि कोई गलत काम करते हैं। तो उन्हें जरूर अपराधिक गतिविधियों में शामिल मानकर उनके ऊपर कारवाई की जाती है। यह पहली बार हुआ है, जब आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाया गया है। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने आम आदमी पार्टी के लिए जो राह चुनी है। आगे चलकर कई राजनीतिक दलों के ऊपर आपराधिक मामला चलाने का नया रास्ता खुल गया है। विशेष रूप से कई राजनीतिक दल इस दायरे में भविष्य में आ सकते है। जो गड्ढा आज आम आदमी पार्टी के लिए पीएमएलए कानून के द्वारा खोदा गया है। भविष्य में उसका असर अन्य मान्यता प्राप्त राजनीति दलों के ऊपर पडना तय है। चुनावी बांड को सुप्रीम कोर्ट द्वारा असंवैधानिक घोषित कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर स्टेट बैंक और चुनाव आयोग द्वारा जो डाटा सार्वजनिक किया गया है। उसके बाद भारतीय जनता पार्टी सहित कई राजनीतिक दलों के ऊपर इसी तरह के आरोप लग रहे हैं। ईड़ी, आयकर विभाग,और सीबीआई के छापे के बाद कई कंपनियों द्वारा चुनावी बांड से चंदा दिया गया है। जिन राजनीतिक दलों को चुनावी बांड से चंदा दिया गया है। उसके बाद जांच एजेंसी ने उनके खिलाफ कार्रवाई बंद कर दी है। रिजर्व बैंक का भी एक मामला इसी तरह का आया है। इसके अलावा कई दवाई कंपनियों के मामले में भी इसी तरह के घोटाले के आरोप राजनीतिक दलों पर लगाए जा रहे हैं। चुनावी बांड से चंदा लेकर केंद्र सरकार और राज्य सरकारों द्वारा कई कंपनियों को ठेके दिए गए हैं। कइयों को अन्य तरह से फायदा पहुंचाया गया है। केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, आंध्र, तेलंगाना में अन्य राजनीतिक दलों की सरकार है। इनके ऊपर भी चुनावी बांड से चंदा लेकर लाभ पहुंचाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। राजनीतिक दलों ने चुनावी बांड से चंदा लेकर चुनाव में खर्च किया है। इसी तरह से अन्य राजनीतिक दलों ने भी बांड से चंदा लेकर चुनाव में खर्च किया है। आम आदमी पार्टी के खिलाफ जो आरोप पत्र दाखिल किया गया है। उससे आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय राजनीतिक दल के रूप में मान्यता खत्म हो सकती है। चुनाव आयोग इसका निर्णय ले सकता है। इसी तरह से अब अन्य क्षेत्रीय दलों को भी निशाना बनाया जा सकता है। ऐसा माना जाता है, संस्था कभी कोई अपराध नहीं करती है। अपराध संस्था के पदाधिकारियों द्वारा किए जाते हैं। ईड़ी के अधिकारियों ने जो चार्ज शीट दाखिल की है। निश्चित रूप से यह भारत का यह पहला मामला है। सुप्रीम कोर्ट में जमानत के मामले में जो बहस चल रही थी। उस दौरान भी यह मामला सामने आया था। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा था। पीएमएलए कानून में राजनीतिक दलों के ऊपर इस तरह की कार्रवाई नहीं की जा सकती है। ट्रायल कोर्ट में जो चार्ज सीट दाखिल की गई है। निश्चित रूप से आम आदमी पार्टी हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती देगी। हाल फिलहाल जिस तरह के हालात चल रहे हैं। उसमे आम आदमी पार्टी के ऊपर राजनीतिक दल के रूप में उनकी मान्यता पर बड़ा संकट खड़ा होता हुआ दिख रहा है। राजनीतिक हल्कों में गैर भाजपा राजनीतिक दलों मे चिंता की लहर जरूर देखने को मिल रही है। चुनाव आयोग जिस तरह से विपक्षी दलों की उपेक्षा कर रहा है। ऐसी स्थिति में विपक्षी राजनीतिक दलों की मान्यता समाप्त करके उन्हें चुनाव लड़ने से रोका जा सकता है। यह आशंका विपक्षी दलों द्वारा व्यक्त की जा रही है। ईड़ी के अधिकारियों का कहना है, पीएमएलए की धारा 70 के तहत जो कार्रवाई की गई है।

## भारत अधिक मुक्त व्यापार समझौता करे, सीमा शुल्क घटाए: नीति आयोग

**नई दिल्ली ।** नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बीवी आर सुब्रमण्यम ने कहा कि भारत को बाकी दुनिया के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए कई और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर करने और सीमा शुल्क में कटौती की जरूरत है। सुब्रमण्यम ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में कहा कि सरकार को किसी भी क्षेत्र को प्रतिस्पर्धा से संरक्षण नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा` कि मुझे लगता है कि हमें अपनी क्षमताओं के बारे में बहुत आश्वस्त होना चाहिए कि भारत वास्तव में बाकी दुनिया के साथ प्रतिस्पर्धी होने में सक्षम होगा। सुब्रमण्यम ने कहा कि दुनिया की शीर्ष 50 कंपनियों में भारत की सिर्फ एक बीमा कंपनी है, जबकि वैश्विक शीर्ष 100 की सूची में केवल दो बैंक हैं। मुझे लगता है कि हमें शुल्क को बहुत कम रखना चाहिए। भारत को दूसरे देशों के साथ कई और एफटीए पर हस्ताक्षर करने चाहिए। सुब्रमण्यम ने कहा कि भारतीय कंपनियां भी अपने-अपने क्षेत्र में बाकी दुनिया की कंपनियों की बराबरी कर सकती हैं। उन्होंने संरक्षणवाद के प्रति भी आगाह किया और निर्यात को बढ़ावा देने तथा आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने के लिए भारत के वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी) में शामिल होने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। नीति आयोग के सीईओ ने इस क्षेत्र में अधिक निजी पूंजी का भी आह्वान किया।

## पूंजी बाजार में सुधार के दूसरे चरण के बारे में सोचना होगा: सीईए

**नई दिल्ली ।** मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि बढ़ती अर्थव्यवस्था की जरूरतें पूरी करने के लिए देश को पूंजी बाजार में और सुधार करने की जरूरत है। नागेश्वरन ने उद्योग मंडल सीआईआई के वार्षिक व्यवसाय शिखर सम्मेलन में कहा` कि पूंजी बाजार सुधार पिछले तीन दशकों में प्रौद्योगिकी के सबसे सफल सुधारात्मक कदमों में से एक रहा है। लेकिन हम एक ऐसे बिंदु पर हैं जहां हमें इस पर पुनर्विचार करने की जरूरत है। इसीलिए पूंजी बाजार में सुधार के दूसरे चरण के बारे में सोचना होगा। वर्ष 1991 में भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के बाद तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने पूंजी बाजार सुधारों की शुरुआत की थी। इस क्रम में पूंजी बाजार के कुशल विनियमन और विकास के लिए 1992 में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की स्थापना की गई थी। सीईए ने यह भी कहा कि देश को समग्र और व्यापक तस्वीर के लिए लक्ष्य के अनुरूप निवेश को लेकर अनुमान लगाने की आवश्यकता है। इस निवेश को कर्ज और इक्विटी के माध्यम से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा` कि हम जानते हैं कि भारत कुछ महीनों में जेपी मॉर्गन सरकारी बॉन्ड सूचकांक में शामिल होगा। उसके बाद जनवरी 2025 से हम ब्लूमबर्ग बॉन्ड सूचकांक का भी हिस्सा होंगे। इससे देश में पूंजी आएगी।नागेश्वरन ने यह भी कहा कि भारत को विदेशी पूंजी प्रवाह पर निर्भरता को लेकर बहुत सावधान रहना होगा।

## विप्रो ने संजीव जैन को नया सीओओ नियुक्त किया

**नई दिल्ली ।** प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो ने अमित चौधरी के इस्तीफा देने के बाद तत्काल प्रभाव से संजीव जैन को नया मुख्य परिचालन अधिकारी नियुक्त किया है। कंपनी के बाहर अवसर तलाशने के लिए चौधरी ने इस्तीफा दिया है। वह मई के अंत तक कंपनी में रहेंगे। यह हाल के दिनों में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के इस्तीफे का नया मामला है। इससे पहले मुख्य कार्य अधिकारी थिएरी डेलापोर्टे और मुख्य वित्त अधिकारी जतिन दलाल ने त्यागपत्र दिया था। जैन कंपनी के मुख्य कार्य अधिकारी श्रीनिवास पालिया को रिपोर्ट करेंगे और विप्रो की कार्यकारी समिति के सदस्य बने रहेंगे। वह बेंगलूरु में रहेंगे। जैन साल 2023 में बतौर वैश्विक प्रमुख (कारोबार संचालन) विप्रो में शामिल हुए थे। उनके पास बड़ी, विविध टीमों का नेतृत्व करने और वैश्विक परिचालन को बढ़ाने का 30 से अधिक वर्षों का अनुभव है।

# विशेष कारोबारी सत्र में सेंसेक्स, निफ्टी बढ़त के साथ बंद

**मुंबई ।**



शेयर बाजार में शनिवार को विशेष कारोबार सत्र के दौरान बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी दिखाई दी। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 88.91 अंक चढ़कर 74,005.94 पर बंद हुआ। सत्र के दौरान यह 245.73 अंक उछलकर 74,162.76 पर पहुंच गया था। वहीं एनएसई निफ्टी 35.90 अंक बढ़कर 22,502 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में नेस्ले, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल तकनीक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय स्टेट बैंक में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर जेएसडब्ल्यू स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति और कोटक महिंद्रा बैंक लाल निशान में बंद हुए। अमेरिका के अधिकांश शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) कई दिनों की निरंतर निकासी के बाद शुक्रवार को खरीदार बन गए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों ने शुक्रवार को 1,616.79 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की खरीद की। बाजार जानकार ने कहा, ''अमेरिकी डाऊ जोन्स के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने से शेयर बाजारों को वैश्विक समर्थन मिलता रहेगा। अब एफआईआई भी खरीदार बन गए हैं और इससे बाजार पर दबाव कम हुआ है। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.85 प्रतिशत चढ़कर 83.98 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 253.31 अंक चढ़कर 73,917.03 और एनएसई निफ्टी 62.25 अंक बढ़कर 22,466.10 अंक पर बंद हुआ था। एनएसई और बीएसई ने सात मई को कहा था कि वह अपने प्राथमिक मंच पर बड़े व्यवधान या विफलता से निपटने की अपनी तैयारियों को जांचने के लिए 18 मई को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र आयोजित करेगा।

## वीआई की प्रमुख शहरों में 5जी सेवा लाने की योजना: सीईओ




**मुंबई ।** वोडाफोन आइडिया (वीआई) के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि अगले तीन वर्षों में 4जी नेटवर्क के विस्तार और मजबूती पर ध्यान देने के साथ कंपनी का पूंजीगत व्यय 50,000-55,000 करोड़ रुपये के बीच रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता 4जी कवरेज है क्योंकि मेरी` निगाहों में इस इकलौती वजह से हम लगातार ग्राहक गंवा रहे हैं। उस पूंजीगत व्यय में काफी तेजी लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि अब से छह महीने में हमें 5जी को बड़े पैमाने पर शुरू करना चाहिए। मुख्य जोर मुख्य शहरों या अन्य क्षेत्रों पर होगा जहां 5जी उपकरणों की बड़ी मौजूदगी है। यह बाजार विकसित होने के साथ ही हम निवेश करेंगे। उन्होंने कहा कि कंपनी का निवेश प्रतिस्पर्धी होने के लिए 17 प्राथमिकता वाले सर्किलों में कवरेज के विस्तार और मजबूत करने पर केंद्रित होगा।

## चाबहार समझौता भारत के साथ आर्थिक संबंधों के लिए मील का पत्थर: ईरानी दूत

**मुंबई ।** ईरान के एक राजनयिक ने चाबहार बंदरगाह के परिचालन को लेकर भारत और ईरान के बीच हुए दीर्घकालिक समझौते को द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यह भविष्य में निवेश के सारे अवसर उपलब्ध कराता है। मुंबई में ईरान के कार्यवाहक महावाणिज्य दूत दावूद रेजाई एस्कंदरी ने एक बयान में कहा कि इन अवसरों में चाबहार के शाहिद बहिश्ती बंदरगाह के दूसरे चरण के साथ बीओटी मॉडल पर तीसरे एवं चौथे चरण का विकास भी शामिल है। भारत ने 13 मई को चाबहार के रणनीतिक ईरानी बंदरगाह के परिचालन के लिए 10 साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जो उसे पश्चिम एशिया के साथ व्यापार का विस्तार करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि भारत और ईरान महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार हैं। भारत हाल के वर्षों में ईरान के पांच सबसे बड़े व्यापार भागीदारों में से एक रहा है। उन्होंने कहा कि यह सौदा पेट्रोकेमिकल और संबंधित उद्योगों के साथ एलएनजी और एलपीजी निर्यात टर्मिनलों के निर्माण में निवेश के अवसर भी लेकर आता है। इसके अलावा छोटी रिफाइनरियों और पेट्रोकेमिकल संयंत्रों के विकास के भी अवसर पैदा होंगे। एस्कंदरी ने बयान में कहा, यह बंदरगाह अफगानिस्तान और चारों तरफ से जमीन से घिरे मध्य एशियाई देशों तक पहुंचने के लिए भारत के महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में कार्य करता है। उन्होंने कहा कि पेट्रोकेमिकल, खनन, दवा, कृषि, वाहन उद्योग के साथ बुनियादी ढांचा विकास, सूचना एवं संचार और पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्रों में ईरान में व्यापार के अवसर हैं।

# आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने किस तरह के लोन पर जाहिर की चिंता

**मुंबई ।**



भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे, ने आगाह कर कहा हैं कि असुरक्षित माने जाने वाले बिना गारंटी वाले कर्ज और पूंजी बाजार वित्तपोषण पर अत्यधिक निर्भरता लंबे समय में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए खतरा पैदा कर सकती है। स्वामीनाथन ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के आश्वासन कार्यों को संबोधित कर लैंडिंग के बारे में निर्णय लेने के लिए 'एल्गोरिदम पर अत्यधिक निर्भरता को लेकर भी चेतावनी दी। उन्होंने नियमों की अनदेखी करने के लिए नियमों के 'बुद्धिमतापूर्ण विश्लेषण' के रुख पर आरबीआई की निराशा को भी सार्वजनिक किया। उन्होंने इसे वित्तीय प्रणाली के लिए 'महत्वपूर्ण जोखिम' बताया।

स्वामीनाथन ने कहा कि कुछ प्रोडक्ट्स या बिना गांरटी वाले लोन जैसे क्षेत्रों के लिए जोखिम काफी ज्यादा हैं और यह लंबे समय तक टिकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि ज्यादातर एनबीएफसी में एक ही काम करने की इच्छा है। स्वामीनाथन ने 'एल्गोरिदम' आधारित कर्ज देने के मुद्दे पर कहा कि कई संस्थाएं बही-खातों में तेजी से वृद्धि के लिए नियम-आधारित 'क्रेडिट' का रुख कर रही हैं। उन्होंने कहा, ''हालांकि, स्वचालन दक्षता को बढ़ा सकता है, पर एनबीएफसी को इसतरह के मॉडल से खुद को बांधना नहीं चाहिए। यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि नियम-आधारित कर्ज देने की व्यवस्था केवल उतने ही प्रभावी हैं जितने कि आंकड़े और मानदंड जिनपर वे बनाए गए हैं। उन्होंन एनबीएफसी को अपनी क्षमताओं और सीमाओं पर स्पष्ट दृष्टिकोण बनाए रखने और निगरानी व्यवस्था पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने एनबीएफसी से साइबर सुरक्षा जोखिमों पर भी पर्याप्त ध्यान देने की बात कही। डिप्टी गवर्नर ने कहा कि जोखिम प्रबंधन और आंतरिक ऑडिट कार्यों को कौशल मानदंडों पर कसना होगा ताकि वे समय-समय पर आईटी और साइबर सुरक्षा को लेकर अपनी संस्थाओं की तैयारियों का आकलन करने में सक्षम हो सकें।

# नई ईवी नीति में कोई भी कंपनी लगा सकेगी कारखाना

### - सरकार नए निवेश के लिए अनुमति देने की बना रही है योजना

**नई दिल्ली ।**



देश में पहले से वाहन बना रही कंपनियों समेत सभी कंपनियों को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बनाने के लिए नई परियोजना या संयंत्र में निवेश की मंजूरी दी जा सकती है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार हाल में मंजूर ईवी नीति के तहत कंपनियों को नए निवेश के लिए अनुमति देने की योजना बना रही है। भारी उद्योग मंत्रालय विस्तृत दिशानिर्देश तैयार कर रहा है, जिसमें इससे जुड़ा पूरा ब्योरा स्पष्ट किया जाएगा और इसकी घोषणा भी की जाएगी। अधिकारी ने कहा` कि उद्योग के साथ बातचीत का दूसरा दौर शुरू होने को है। अमेरिका की नामी ईवी कंपनी टेस्ला के ईलॉन मस्क प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने आने वाले थे। मगर करीब एक महीने पहले मस्क ने बहुत अधिक व्यस्त होने के कारण यह बैठक रद्द कर दी। अब मस्क इस साल के अंत में भारत आ सकते हैं। उनकी यात्रा रद्द होने के कुछ समय बाद ही अधिकारी ने इस योजना की जानकारी दी है। मार्च में घोषित ईवी नीति में उन विनिर्माण कंपनियों के लिए आयात शुल्क कम करने की बात कही गई है, जो कम से कम 50 करोड़ डॉलर निवेश का वादा करेंगे और तीन साल के भीतर देश में कारखाना लगाएंगे। उन्हें काम शुरू करने के तीन साल के भीतर भारत में ही 25 फीसदी मूल्यवर्द्धन शुरू करना होगा। पांचवें साल तक इसे बढ़ाकर 50 फीसदी करना होगा। इस नीति का मकसद टेस्ला, विनफास्ट, बीवाईडी जैसी प्रमुख अतंरराष्ट्रीय कंपनियों को भारत में वाहन बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। ईवी नीति की घोषणा के बाद वाहन उद्योग के साथ अप्रैल में हुई पहली बैठक में घरेलू और वैश्विक कंपनियों के प्रतिनिधि भी बैठक में शामिल हुए थे। अधिकारी ने कहा कि पहले से कार बना रही कंपनियों को अलग से कोई फायदा नहीं होगा। स्थानीय स्तर पर कुछ शर्तें पूरी करने और एकदम नया निवेश करने पर आयात शुल्क में छूट जैसे फायदे दिए जाएंगे।

## निफ्टी-50 में शामिल होंगे ट्रेंट और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स

**नई दिल्ली ।** निफ्टी-50 सूचकांक में सितंबर में होने वाली अगली बदलाव प्रक्रिया के दौरान टाटा समूह की रिटेलर ट्रेंट और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स (बीईएल) के शामिल होने की संभावना है। बाजार विश्लेषकों के अनुसार अगर इन शेयरों को इस सूचकांक में शामिल किया जाता है तो इनमें 3,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित हो सकता है। इस बीच एलटीआई माइंडट्री और दिवीज लैब्स के बाहर निकलने का अनुमान है। यदि इन्हें बाहर किया गया तो इन दोनों शेयरों में निफ्टी-50 सूचकांक से जुड़े पैसिव फंडों द्वारा 1,500 करोड़ रुपये की बिकवाली की जा सकती है। निफ्टी सूचकांक में शामिल किए जाने और हटाए जाने वाले शेयरों के आकलन की गणना जुलाई के अंत तक उनके बाजार पूंजीकरण के आधार पर की जाती है। इसकी आधिकारिक घोषणा अगस्त के मध्य में होती है और यह समायोजन 30 सितंबर से प्रभावी होता है। हालांकि ऐसे कई शेयर हैं जो अपने बाजार पूंजीकरण के लिहाज से ट्रेंट और बीईएल से आगे हैं लेकिन वे डेरिवेटिव सेगमेंट में शामिल नहीं है। इसलिए सूचकांक में शामिल किए जाने के लिहाज से अयोग्य हैं। नुवामा अल्टरनेटिव ऐंड क्वांटीटेटिव एक शोधकर्ता ने कहा कि ट्रेंट प्रमुख दावेदार है। इसके बाद बीईएल शामिल है। इस समय बीईएल के करीब एकमात्र शेयर हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स (एचएएल) है। यदि एचएएल का शेयर बीईएल की तुलना में 20 प्रतिशत ज्यादा अच्छा प्रदर्शन करता है और जुलाई के अंत तक मजबूत बना रहता है तो उसके शामिल होने की संभावना ज्यादा रहेगी।

# पेट्रोल-डीजल बिहार में सस्ता, हरियाणा में बढ़े भाव

### - कच्चे तेल हल्की तेजी और मंदी का दौर जारी

**नई दिल्ली ।**



वैश्विक बाजार में कच्चे तेल हल्की तेजी और मंदी का दौर जारी है। हालांकि, पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर इसका ज्यादा असर देखने को नहीं मिल रहा है। इस बीच देश में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने शे निवार को फ्यूल के नए भाव अपडेट कर दिए हैं। शे निवार को देश भर के अलग-अलग शहरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है। हालांकि कुछ शहरों व राज्यों में पेट्रोल-डीजल के दामों में घटे और बढ़े जरूर हैं। छत्तीसगढ़, बिहार, असम, केरल और झारखंड समेत कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ी हैं। वहीं हरियाणा, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक समेत में कुछ प्रदेशों में ईंधन के दाम कम हुए हैं। दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल की कीमत 87.62 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.21 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.15 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.94 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.34 रुपये प्रति लीटर है। वहीं नोएडा में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.96 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 94.90 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.05 रुपये प्रति लीटर, बेंगलुरु में पेट्रोल 99.84 रुपये प्रति लीटर और डीजल 85.93 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.40 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.65 रुपये प्रति लीटर, जयपुर में पेट्रोल 104.88 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.36 रुपये प्रति लीटर, पटना में पेट्रोल 105.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.04 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 94.56 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर है।

# टेक्नो स्पार्क 20 प्रो 5जी की लाइव फोटो की शेयर

### -टिपस्टर ने किया कुछ खास फीचर्स का खुलासा

**नई दिल्ली ।** ऑफिशियल ऐलान से पहले एक टिपस्टर ने टेक्नो स्पार्क 20 प्रो 5जी की लाइव फोटो शेयर की हैं और इसके कुछ खास फीचर्स, लॉन्च टाइमलाइन और कीमत का खुलासा किया है। टिप्सटर पारस गुगलानी ने पेशनेगिक्ज पर एक रिपोर्ट में टेक्नो स्पार्क 20 प्रो 5जी की लाइव फोटो शेयर की है। फोन को डिज़ाइन के साथ ग्रीन कलर ऑप्शन में देखा गया है, जो दिसंबर 2023 में अनावरण किए गए 4जी वेरिएंट की तरह दिखता है। रिपोर्ट में शेयर किए गई फोटो में फोन चौकोर रियर कैमरा मॉड्यूल के साथ नजर आ रहा है, जिसमें गोल्डन बॉर्डर शामिल है। मॉड्यूल को ऊपरी बाएं कोने में रखा गया है और इसमें एलईडी फ्लैश यूनिट के साथ तीन कैमरे हैं। बीच का फ्रेम भी सुनहरे फिनिश में दिखाई देता है, जिसके राइट किनारे पर पावर बटन और वॉल्यूम बटन हैं।फीचर्स की बात करें तो रिपोर्ट मिली है कि टेक्नो स्पार्क 20 प्रो 5जी में 1080 गुणा 2460 पिक्सल रेजोलूशन वाली 6.78 इंच की आईपीएस एलसीडी स्क्रीन होने की संभावना है। फोन को मीडियाटेक डाइमेंशन 6080 एसओसी द्वारा संचालित किया जा सकता है, जिसे माली-जी57 जीपीयू के साथ जोड़ा जा सकता है। कहा जा रहा है कि इसमें 108 मेगापिक्सल का प्राइमरी सेंसर और 2 मेगापिक्सल का डेप्थ सेंसर मिलेगा। वहीं फोन के फ्रंट कैमरे में 32-मेगापिक्सल सेंसर होने की उम्मीद की जा रही है। फोन में 33वॉट वायर्ड फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ 5,000 एमएएच की बैटरी दी जाएगी। बता दें कि टेक्नो स्पार्क 20 प्रो 5जी को लेकर काफी दिनों से नई खबरें सामने आ रही हैं। अब फोन को कुछ सर्टिफिकेशन साइटों पर देखा गया है जहां से फोन के कुछ फीचर्स की डिटेल सामने आ गई है।

# इलेक्ट्रिक स्कूटर आईक्यूब का सस्ता वैरिएंट लॉन्च

### -कंपनी ने 95,000 रुपये की एक्स-शोरूम कीमत पर उतारा

**नई दिल्ली ।** दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी टीवीएस ने अपने प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर आईक्यूब के सबसे सस्ते वैरिएंट को लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने इस वैरिएंट को 95,000 रुपये की एक्स-शोरूम कीमत पर उतारा है। नए वैरिएंट के लॉन्च के साथ अब टीवीएस आईक्यूब तीन बैटरी पैक विकल्पों में उपलब्ध है। बेस ट्रिम में 2.2 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक मिलता है, जो एक बार चार्ज करने पर 75 किलोमीटर की रेंज प्रदान करता है। वहीं इसकी टॉप स्पीड 75 किमी/घंटा है। जो लोग अधिक पॉवर और रेंज चाहते हैं, उनके लिए कंपनी ने 3.4केडब्ल्यूएच और 5.1केडब्ल्यूएच बैटरी क्षमता के साथ भी यह स्कूटर उपलब्ध कराया है। ये ट्रिम्स फुल चार्ज पर क्रमशः 100 किलोमीटर और 150 किलोमीटर की प्रभावशाली रेंज प्रदान करते हैं। एंट्री-लेवल वैरिएंट में 5 इंच का टीएफटी डिस्प्ले मिलता है, जिसमें ग्राहकों को वाहन के बारे में सभी महत्वपूर्ण जानकारी मिल जाती है। इस स्कूटर में 32 लीटर का अंडर सीट स्टोरेज मिलता है जहां आप दो हेलमेट एक साथ रख सकते हैं। इसकी लम्बी सीट सॉफ्ट और आरामदायक है। अन्य सामानों के लिए भी इसमें छोटे स्टोरेज दिए गए हैं। डेली यूज के लिए यह स्कूटर एक किफायती विकल्प सभी हो सकता है। स्कूटर का डिजाइन न सिर्फ स्टाइलिश है बल्कि यह काफी सुरक्षित भी है। टीवीएस आईक्यूब का सीधा मुकाबला अथेर इलेक्ट्रिक स्कूटर है। अभी हाल ही में अथेर ने अपना नया इलेक्ट्रिक स्कूटर रिज्टा को लॉन्च किया है। इसकी कीमत 1.10 लाख रुपये से शुरू होती है। यह स्कूटर दो बैटरी पैक के साथ आता है और सिंगल चार्ज पर इसकी रेंज 160 किलोमीटर तक जाती है। कंपनी का दावा है कि यह फैमिली के लिए एक दम परफेक्ट है। फीचर्स और स्पेस के मामले में यह स्कूटर अच्छा है। लेकिन यह दिखने में बहुत अच्छा नहीं लगता।बता दें कि अब इसके साथ टीवीएस आईक्यूब की कीमत 95,000 रुपये से शुरू होकर 1.85 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) तक जाती है। कंपनी ने इसे लॉन्च करने के साथ ही इसकी बुकिंग भी शुरू कर दी है। इसे कंपनी के आधिकारिक डीलरशिप या वेबसाइट पर भी बुक कराया जा सकता है।

# सीएनजी पर चलने वाली बाइक जल्द होगी लांच

### -बढते पेट्रोल के दाम का बजाज कंपनी ने निकाला समाधान

**नई दिल्ली ।** स्वदेशी कंपनी बजाज एक ऐसी बाइक मार्केट में लॉन्च करने जा रही है जिसे चलाने के लिए पेट्रोल की जरूरत ही नहीं पड़ने वाली है। इस बाइक में पेट्रोल टैंक तो होगा लेकिन ये बाइक पूरी तरह सीएनजी से भी चल सकेगी। कंपनी ने हर महीने 20 हजार सीएनजी बाइक्स बेचने का टारगेट रखा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक बजाज ऑटो 5-6 सीएनजी बाइक्स लॉन्च करने की तैयारी में है जिनमें तीन मॉडल इस साल के अंत तक और बाकी बचे मॉडल अगले आल की शुरूआत में लॉन्च किए जा सकते हैं। बजाज 18 जून को ये बाइक लान्च करने वाली है। इसकी कीमत 80-85 हजार रुपये (एक्स-शोरूम) के बीच हो सकती है। रिपोर्ट्स की मानें तो पेट्रोल से चलने वाली बाइक्स की तुलना में बजाज की नई सीएनजी बाइक का खर्च आधा हो जाएगा। यानी यह बाइक आपको काफी सस्ती पड़ने वाली है। सीएनजी बाइक पूरी तरह से नए नाम के साथ आएगी और यह मौजूदा मॉडल से पूरी तरह अलग होगी। बजाज की नई सीएनजी बाइक को कई बार टेस्टिंग के दौरान स्पॉट किया जा चुका है, लेकिन डिजाइन को लेकर बहुत ज्यादा खुलासा नही हो पाया है। कंपनी के मुताबिक 70 हजार में आपको एक इलेक्ट्रिक स्कूटर मिल रहा है जोकि किफायती है लेकिन सीएनजी बाइक सस्ती नहीं होगी। यानी सीएनजी बाइक्स एंट्री लेवल सेगमेंट में नहीं आएगी। सीएनजी बाइक में डिस्क ब्रेक, लंबी सीट, अलॉय व्हील्स दिए जा सकते हैं और पूरी तरह से डिजिटल क्लस्टर, सिंगल-चैनल एबीएस को भी शामिल किए जाने की संभावना है। लॉन्च से पहले ही बाजार में सीएनजी बाइक्स को लेकर माहौल बना हुआ है। कंपनी के मुताबिक भारत में सीएनजी बाइक्स का बाजार काफी बड़ा होने वाला है। बता दें कि इन दिनों पेट्रोल की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। इससे बाइक चलाने का खर्च बढ़ गया है, तो दूसरी ओर बाइक से होने वाले उत्सर्जन से पर्यावरण को भी काफी नुकसान पहुंच रहा है। लेकिन इन दोनों का समाधान बजाज ने निकाल लिया है।

# आज दूसरा स्थान पक्का करने केकेआर के खिलाफ उतरेगी राजस्थान रॉयल्स

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स चार मैचों के हार के सिलसिले को तोड़कर रविवार को आईपीएल के अहम मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर शीर्ष दो में जगह पक्की करने उतरेगी। सोलह अंक लेकर प्लेआफ में जगह बना चुके रॉयल्स लगातार चार मैच हार चुके हैं।

पिछ्ल दो मैचों में टीम 150 के पार नहीं कर सकी और इंग्लैंड के स्टार सलामी बल्लेबाज के स्वदेश लौटने के बाद राजस्थान के लिए परेशानी बढ़ गई है। इसके बाद यशस्वी जायसवाल, कप्तान संजू सैमसन और लोकल हीरो रियान पराग को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। प्लेआफ में शीर्ष दो में रहकर जाने से उनके पास फाइनल में पहुंचने का मौका बना रहेगा। केकेआर के 19 अंक हैं, उसका शीर्ष पर रहना तय है।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछला मैच बारिश में धुलने से राजस्थान को एक अंक मिला। केकेआर के हौसले बुलंद है, लेकिन आत्मविश्वास से बचना होगा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 11 मई को ईडन गार्डंस पर हुए मुकाबले के बाद से केकेआर ने बारिश की भेंट हुए इस मैच के अलावा कोई मुकाबला नहीं खेला है। देखना यह होगा कि मेंटोर गौतम गंभीर की टीम इस लय को बरकरार रख पाती है या नहीं। उसके पास फॉर्म में चल रहा इंग्लैंड का सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट भी नहीं है जो पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिये स्वदेश लौट गए हैं। केकेआर के दो सलामी बल्लेबाजों साल्ट और सुनील नारायण ने मिलकर इस सत्र में सात अर्धशतक और एक शतक सहित 182 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 897 रन बनाए हैं। केकेआर में साल्ट की जगह रहमानुल्लाह गुरबाज ले सकते हैं लेकिन मैदान पर उतरते ही साल्ट की तरह आक्रामक खेलने की उनसे उम्मीद नहीं की जा सकती। इस सत्र में उन्होंने एक भी मैच नहीं खेला है। केकेआर की



बल्लेबाजी का दारोमदार कप्तान श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल पर होगा। मैच में बारिश का भी पूर्वानुमान लगाया जा रहा है।

### टीम

**कोलकाता नाइट राइडर्स –** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, साकिब हुसैन, मुजीब उर रहमान, गट एटिकिंसन, अल्लाह गजनफर, फिल साल्ट।

**राजस्थान रॉयल्स–** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नांद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पावेल, टॉम कोहलर-केडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुश कोटियन।

## रोहित और हार्दिक को छोड़ सकती है मुंबई इंडियंस: सहवाग



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस इस साल आईपीएल के अंक तालिका में सबसे नीचे हैं और अगले सीजन के लिए रोहित शर्मा और हार्दिक पांड्या दोनों को छोड़ सकती है। यह कहना है भारतीय टीम के पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग का।

सहवाग का कहना है कि इस साल के अंत में आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन होने वाले की पूरी संभावना है, जहां सभी 10 टीमों को अपनी पसंद के खिलाड़ी को रिटेन करने की पूरी छूट होगी। इसका मतलब है कि रोहित और हार्दिक के खराब प्रदर्शन के चलते एमआई उनके बिना आईपीएल में उतर सकती है। हार्दिक, जो एमआई के नए कप्तान हैं, पूरे सीजन में फ्लॉप रहे। उन्होंने सिर्फ 200 रन बनाए और 11 विकेट लिए। वहीं दूसरी तरफ, रोहित ने तो एक शतक भी लगाया, लेकिन फिर भी उनका प्रदर्शन खराब रहा। पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित और हार्दिक के अलावा सूर्यकुमार यादव और जसप्रीत बुमराह ही ऐसे खिलाड़ी हैं जिन पर एमआई अगले साल के आईपीएल के लिए भरोसा कर सकती है। सहवाग ने कहा, एक फिल्म में शाहरुख खान, सलमान खान, आमिर खान होने का मतलब यह नहीं है कि वह फिल्म जरूर हिट होगी। उन्हें अच्छा प्रदर्शन करना होगा, एक अच्छी कहानी चाहिए। इसी तरह, इन बड़े नामों को भी साथ आकर मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करना होगा। रोहित शर्मा ने एक शतक लगाया और एमआई हार गई। बाकी खिलाड़ियों का प्रदर्शन कहां था? उन्होंने आगे कहा, ईशान किशन पूरे सीजन खेले, लेकिन वह पावरप्ले के बाद टिक नहीं सके। अभी एमआई के लिए सिर्फ दो खिलाड़ी अच्छा कर रहे हैं - जसप्रीत बुमराह और सूर्यकुमार यादव। ये दोनों खिलाड़ी सबसे पहले रिटेन हो सकते हैं।

## राहुल ने दबाव में भी अच्छी कप्तानी की : क्लूजनर

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल में भले ही लखनऊ सुपर जाइंट्स प्लेऑफ में नहीं पहुंच पायी है पर उसके सहायक कोच लांस क्लूजनर ने कहा है इसमें केएल राहुल ने काफी अच्छी कप्तानी की है। क्लूजनर ने कहा कि अन्य बल्लेबाजों का सहयोग नहीं मिलने से टीम उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पायी थी। इसी कारण राहुल निराश होकर भड़क गये थे।



लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम आईपीएल की शुरुआत में लय में थी पर बाद में उसे लगातार हार का सामना करना पड़ा। क्लूजनर ने कहा कि राहुल ने एक बल्लेबाज के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उन्हें दूसरों से पर्याप्त समर्थन नहीं मिला। टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से भी वह निराश हुए। वह अपना स्वाभाविक खेल भी नहीं खेल पाये। अगर आप आंकड़ों पर नजर डालें तो उसकी बल्लेबाजी खराब नहीं थी क्योंक उसने दबाव के हालातों में खेला था।

क्लूजनर ने राहुल की कप्तानी और बीच में चीजों को संभालने के तरीके को भी सराहा। उन्होंने कहा कि उनकी कप्तानी बेहतरीन रही है। टीम में वह सबके पसंदीदा हैं। अगर आप हालातों को देखें, तो उन्हें बल्लेबाजी करते समय काफी समय लगाना पड़ा। इसलिए, मुझे लगता है कि उनके करीब के बल्लेबाजी समूह ने भी उनका साथ नहीं दिया। राहुल ने इस में 13 मैचों में 35.7 की औसत और 136.36 की स्ट्राइक रेट से 465 रन बनाए हैं।

# आज पंजाब के लिए विदाई मैंच... सनराइजर्स हैदराबाद के पास टॉप 2 में पहुंचने का मौका

**हैदराबाद (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के बीच रविवार को लीग स्टेज का आखिकी मुकाबला होने वाला है। पंजाब पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है, जबकि हैदराबाद ने टॉप 4 में अपनी जगह पक्की कर ली है। हालांकि हैदराबाद के पास टॉप 2 में जगह बनाने का अब भी मौका है। अगर राजस्थान केकेआर से अपना आखिरी मैच हार गई और हैदराबाद ने पंजाब को हरा दिया तब वह पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर फिनिश करेगी। हैदराबाद के लिहाज से यह मैच महत्वपूर्ण हो सकता है। वहीं पंजाब अपने आखिरी मैच में फैंस को जीत के साथ विदाई देना चाहेगी। बात दें कि हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है। पिच पर आईपीएल 2024 में जमकर रन बने हैं। हालांकि गेंदबाजों को भी यहां मदद मिलती है। बल्ले और गेंद के बीच यहां अच्छा



कॉन्टेस्ट देखने को मिलता है। आईपीएल के इतिहास में इस पिच पर अब तक कुल 77 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 34 तो दूसरी बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 42 मुकाबले जीते हैं। वहीं एक मुकाबले का कोई नतीजा नहीं निकला है। पहली पारी का औसत स्कोर इस पिच पर 162 रन है।

**मैच के लिए दोनों टीमें इस प्रकार हैं-**

**सनराइजर्स हैदराबाद-** अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), एडेन मार्कराम, अब्दुल समद, नितीश रेड्डी, शाहबाज अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मार्कंडेय, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह, ग्लेन फिलिप्स (विकेटकीपर), राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), जे सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को यानसेन, आकाश महाराज सिंह, मयंक अग्रवाल।

**पंजाब किंग्स-** मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (कप्तान और विकेटकीपर), सिकंदर रजा, ऋषि धवन, अथर्व तायदे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, हरप्रीत बराड़, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, वी कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी, रिले रोसेउ।

## अपना ठिकाना नहीं बताया तो मुक्केबाज को किया निलंबित

नई दिल्ली । विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज परवीन हुड्डा को विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने निलंबित कर दिया है जिससे वह पेरिस ओलंपिक का कोटा भी गंवा सकती है। परवीन के खिलाफ कार्रवाई पिछले 12 महीने में तीन बार अपना ठिकाना (वेयरअबाउट) नहीं बताने के कारण की गई है। पिछले साल एशियाई खेलों में महिलाओं के 57 किलोवर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली परवीन ने अप्रैल 2022 से मार्च 2023 के बीच अपने ठिकाने की जानकारी नहीं दी है जो वाडा नियमों के तहत अनिवार्य है। परवीन के कोच सुधीर हुड्डा ने कहा, 'उस पर वाडा ने डेढ साल का प्रतिबंध लगाया है जो इस महीने से शुरू होगा और नवंबर 2025 तक चलेगा। रजिस्टर्ड टेस्टिंग पूल (आरटीपी) में शामिल खिलाड़ियों को रात रूकने पर अपना पूरा पता, नाम और हर ठिकाने का पूरा पता देना होता है जहां वे अभ्यास करते हैं, काम करते हैं या अन्य नियमित गतिविधियों में शामिल होते हैं। इसके अलावा उन्हें 60 मिनट का विंडो और स्थान की जानकारी देनी होती है जहां वे टेस्ट के लिये उपलब्ध होंगे। ऐसा नहीं करने को वाडा के ठिकाने के प्रावधान का उल्लंघन माना जाएगा। परवीन के वकील विदुष्पत सिंघानिया ने कहा कि वे अंतरराष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी के संपर्क में हैं और निलंबन हटवाने या कम करने का प्रयास कर रहे हैं। निलंबन की अवधि कम भी होने पर परवीन इस साल जुलाई अगस्त में पेरिस ओलंपिक नहीं खेल सकेगी।

## हम अच्छी गुणवत्ता वाली क्रिकेट नहीं खेल सके : हार्दिक, लखनऊ से मैच हारने के बाद पंड्या बोले



नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े स्टेडियम में खेले सीजन का आखिरी मैच लखनऊ सुपर जायंट्स खेल और हार गया। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए केएल राहुल और निकोलस पूरन के अर्धशतकों की बदौलत 214 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम 196 रन ही बना सकी और 18 रन से हार गई। मैच हारने के बाद मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा कि यह काफी मुश्किल रहा। हम अच्छी गुणवत्ता वाली क्रिकेट नहीं खेल सके। इसका खामियाजा हमें पूरे आईपीएल सीजन में उठाना पड़ा। पंड्या ने कहा कि हमें हमेशा आगे आना होगा और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। लेकिन हां, हम गुणवत्तापूर्ण क्रिकेट या स्मार्ट क्रिकेट नहीं खेल सके। यह बताना जल्दबाजी होगी कि पूरा सीजन एक तरह से गलत हो गया। हम इस खेल को दूसरे खेल की तरह पास कर सकते थे जो नहीं हो पाई। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल इतिहास में दूसरी बार एक सीजन में 10 मुकाबले हारे हैं। इससे पहले 2022 सीजन में वह भी वह 10 मुकाबले हाने वाली टीम थी। यही नहीं, 2009, 2014 और 2018 में भी मुंबई इंडियंस ने 8-8 मुकाबले हारे थे। हालांकि इस मैच के दौरान एक रिकॉर्ड भी बना। लखनऊ ने पहले खेलते हुए 214 रन बनाए थे जोकि इस सीजन का 38वीं 200 प्लस स्कोर था। पिछले सीजन में 37 बार एक पारी में 200 प्लस रन बने थे। मुंबई को सीजन में चार ही जीत मिली। इनमें तीन जीत उसे घरेलू मैदान वानखेड़े में ही मिली। मुंबई ने सीजन में 7 मुकाबले घरेलू मैदान और 7 दूसरे मैदानों यानी एवे पर खेले थे। एवे में वह एक जीत और 6 हार अपने नाम दर्ज कर पाए जबकि होम ग्राउंड में वह 3 जीत और चार मुकाबले हारे।

# वॉर्मअप मैच खेलने का मौका नहीं मिलेगा पाक टीम को

### -आईसीसी ने किया टी20 विश्व कप से पहले वॉर्मअप मैचों के शेड्यूल का ऐलान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम को वॉर्मअप मैच खेलने का मौका नहीं मिलेगा। आगामी 2 जून से आयोजित होने वाले टी20 विश्व कप से पहले आईसीसी ने वॉर्मअप मैचों के शेड्यूल का ऐलान कर दिया। वॉर्मअप मैच में भारतीय टीम 1 जून को बांग्लादेश से भिड़ेगी।

टीम इंडिया वॉर्मअप मैच किस वेन्यू पर खेलेगी, अभी इसका फैसला नहीं हुआ है। इंग्लैंड की टीम भी सीधे मुख्य दौरे के मुकाबले में उतरेगी। विश्व कप में 20 में से 17 टीमें वॉर्मअप मैच खेलेंगी जबकि तीन टीमें इससे बाहर हैं। पाकिस्तान के क्रिकेट फैंस उस समय हैरान हो गए जब आईसीसी ने वॉर्मअप मैचों के शेड्यूल का ऐलान किया। पाकिस्तान और इंग्लैंड की टीमें टी20 वर्ल्ड कप में वॉर्मअप मैच इसलिए नहीं खेल रही हैं क्योंकि ये दोनों टीमें 22 मई से 4 मैचों की टी20 सीरीज खेलेंगी। यह सीरीज 30 मई तक चलेगी। ऐसे में दोनों टीमों के लिए टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए यह सीरीज अहम है। दोनों टीमें देर से विश्व कप के लिए पहुंचेंगी इसलिए दोनों को वॉर्मअप मैच खेलने की जरूरत नहीं है। पाकिस्तान की टीम इस समय इंग्लैंड के दौरे पर है जहां उसे टी20 सीरीज खेलनी है। सीरीज का पहला टी20 मैच 22 मई को खेला जाएगा जबकि दूसरा 25 को वहीं तीसरा टी20 मैच 28 मई को खेला जाएगा। 30 मई को दोनों टीमें सीरीज का चौथा और आखिरी टी20 मैच खेलेंगी।

पाकिस्तान ने अभी तक टी20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान नहीं किया है। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के बाद पाकिस्तानी टीम वर्ल्ड कप के लिए टीम की घोषणा करेगी। इंग्लैंड के कई खिलाड़ी इस समय आईपीएल में खेल रहे हैं। कई खिलाड़ी पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज खेलने के लिए इंग्लैंड लौट चुके हैं। वॉर्मअप मैच में टीमें अपने सभी 15 खिलाड़ी उतार सकती हैं। इसे इंटरनेशनल मैच का दर्जा नहीं मिलेगा। बता दें कि आमतौर पर टी20 विश्व कप में 2 वॉर्मअप मैच एक टीम खेलती है लेकिन इस बाद आईसीसी ने इसमें टीमों को यह यह छूट दी है कि वो दो की जगह एक वॉर्मअप मैच भी खेल सकती हैं। क्योंकि टीम के आगमन पर यह निर्भर करता है।

## बच्चों के साथ लंदन शिफ्ट हो सकते हैं अनुष्का-विराट, रिटायरमेंट की चर्चा करते हुए वीडियो हो रहा वायरल

नई दिल्ली । बालीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा एवं उनके क्रिकेटर पति विराट कोहली का एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने रिटायरमेंट को लेकर बातें करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वह वीडियो में ये भी हिंट दे रहे हैं कि बच्चों के साथ लंदन शिफ्ट हो सकते हैं। अब जब बच्चे भी लंदन शिफ्ट हो जाएंगे तो जाहिर सी बात है कि अनुष्का शर्मा भी अपने पति और बच्चों संग विदेश शिफ्ट हो जाएंगी। हालांकि इस बारे में अभी तक कोई ऑफिशियल जानकारी सामने नहीं आई है। बता दें कि



विराट कोहली इस समय आईपीएल 2024 में व्यस्त हैं। अनुष्का शर्मा जो हाल ही में अपने बेटे अकाय के साथ लंदन से लौटी हैं। उनके बेटे का लंदन में जन्म होने से अटकलें लगाई जा रही थीं अनुष्का वहीं शिफ्ट हो सकती हैं। अब विराट के वीडियो ने उन अटकलों को हवा दे डाली है। सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि विराट कोहली कहते हैं 'एक खिलाड़ी के रूप में, हमारे करियर की एक एक्सपायरी डेट होती है। मैं बस पीछे की ओर काम कर रहा हूं, मैं हमेशा के लिए नहीं खेल सकता। मुझे यकीन है कि तब तक मुझे कोई पछतावा नहीं होगा। जब तक मैं खेल रहा हूं, मैं अपना सब कुछ दूंगा, लेकिन एक बार जब मैं खेल लूंगा, तो मैं चला जाऊंगा, आप मुझे कुछ समय के लिए नहीं देख पाएंगे। अब विराट का ये वीडियो वायरल होने के बाद अटकलें लगाई जा रही हैं कि अनुष्का शर्मा भी विराट संग विदेश शिफ्ट हो जाएंगी। वैसे भी अनुष्का कई बार ये खुद भी हिंट दे चुकी हैं उनके लिए उनका परिवार ही सब कुछ है। खास कर उनके बच्चे। याद दिला दें कि एक इंटरव्यू में अनुष्का शर्मा ने अपनी बेटी वामिका के बारे में बात करते हुए कहा था कि वह उसका बचपन अपनी आंखों के सामने देखना पसंद करती हैं। ऐसे में वह उसके लिए कोई भी फैसला कर सकती हैं जो उनके लिए कोई नया नहीं होगा। अब देखना है कि पति विराट के संन्यास लेने के बाद अनुष्का अपना एक्टिंग करियर भी छोड़ देंगी? हालांकि विराट के इस वीडियो ने उनके फैंस का दिल तोड़ दिया है। बता दें कि अनुष्का शर्मा लंबे वक्त से फिल्मों से दूर हैं। जबकि वह पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में छाई रहती हैं। अनुष्का इन दिनों अपने क्रिकेटर पति विराट कोहली संग अपनी सेकेंड पैरेंट्स लाइफ को एन्जॉय कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने लंदन में अपने दूसरे बच्चे अकाय का स्वागत किया। हालांकि अभीतक कपल ने अपनी बेटी वामिका और बेटे अकाय का चेहरा नहीं दिखाया है।

# पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में लगे हैं भांबरी



नई दिल्ली । टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी आजकल पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में लगे हैं। भांबरी के अनुसार अगर उन्हें ओलंपिक के लिए अवसर मिलता है तो वह बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करेंगे। अपनी तैयारियों को बेहतर बनाने के लिए भांबरी अपने बचपन के कोच आदित्य सचदेवा के साथ जुड़ गये हैं। वहीं विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी रोहन बोपन्ना को शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ी होने के चलते पेरिस ओलंपिक के लिए अपना जोड़ीदार चुनने का अवसर मिलेगा और ऐसे में भांबरी को अवसर मिल सकता है क्योंकि वह एटीपी रैंकिंग में 56वें नंबर के साथ ही दूसरे सर्वश्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ी हैं। इसलिये उन्हें अवसर मिलने की संभावनाएं बढ़ गयी हैं। इसी को देखते हुए वह अपनी तैयारियों को पक्का करने का प्रयास कर रहे हैं। भांबरी जब तक सक्रिय एकल खिलाड़ी थे तो वह बैंकॉक में स्टीफन कून से ट्रेनिंग लेते थे। इस खिलाड़ी ने कहा, ''सचदेवा मेरे खेल को अच्छी तरह जानते हैं। मैं जब 11 साल का था, तब उनसे ट्रेनिंग लेता था। इसलिये जब भी संभव हो उनके साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताना चाहता हूं। मैं यहां एक हफ्ते के लिए हूं और सत्र के बाद का समय आदित्य के साथ बिताना चाहता हूं।'' युकी एकल रैंकिंग में शीर्ष 100 में रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हर कोई ओलंपिक खेलना चाहता है और मैं भी इससे अलग नहीं हूं। वहीं बोपन्ना के पास विकल्प हैं और ऐसे में अगर वह मुझे जोड़ीदार के तौर पर चुनते हैं तो मैं इसके लिए तैयार रहना चाहता हूं।'' साथ ही कहा, ''इस स्तर पर मुझे बस लय बनाये रखने की जरूरत है। इसके अलावा मुझे बस मामूली तालमेल बनाये रखना होगा।'' वहीं कोच का मानना है कि भांबरी पेरिस ओलंपिक के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, ''उसका खेल अच्छा है और उसे बड़े बदलाव की कोई जरूरत नहीं है। उसे केवल लय को बरकरार रखना होगा। अगर उसे बोपन्ना का जोड़ीदार बनने का अवसर मिलता है तो वह उसके लिए पूरी तरह से तैयार रहेगा।

## तीरंदाज दीपिका अगले माह अभ्यास के लिए दक्षिण कोरिया जाएगी

नई दिल्ली । भारतीय महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी अगले महीने अभ्यास के लिए दक्षिण कोरिया जाएगी। दीपिका 13 दिन तक दक्षिण कोरिया के किम तीरंदाजी स्कूल में अभ्यास करेंगी और 14 जून से तुर्की के अंताल्या में होने वाले विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिये रवाना होंगी। दीपिका का लक्ष्य इस अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट से पहले अपनी तैयारियों को बेहतर करना है। पिछले माह शंघाई में हुए विश्व कप में रजत पदक जीतने के बाद से ही दीपिका को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) में फिर से शामिल कर लिया गया था। विश्व क्वालीफाइंग में बेहतर प्रदर्शन कर दीपिका और अन्य भारतीय तीरंदाज पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने का भी प्रयास करेंगे। टॉप्स के तहत मंत्रालय उनके हवाई किराये, रहने खाने, अभ्यास और आने-जाने का खर्च उठायेगा। वहीं मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने तीरंदाजी पुरूष और महिला टीमों को फिजियोथेरेपी उपकरण खरीदने के लिये भी वित्तीय सहायता को मंजूर कर लिया है। इसके अलावा प्रवीण जाधव को तीरंदाजी उपकरण खरीदने और निशानेबाज रेइजा ढिल्लों को भारत में 11 दिन तथा इटली में एक सप्ताह अभ्यास की भी अनुमति दे दी गयी है।

# अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका लेकिन ज्यादा सोचने का क्या फायदा : रोहित शर्मा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई – भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में वह अपने मानदंडों के अनुरूप बल्लेबाजी नहीं कर सके लेकिन उन्होंने इस पर ज्यादा माथापच्ची करने की बजाय सकारात्मक सोच के साथ गलतियों पर काम करने पर फोकस किया। पांच बार के आईपीएल चैम्पियन कप्तान रोहित आईपीएल के इस सत्र में दूसरे चरण में छह मैचों में 20 रन से अधिक की पारी नहीं खेल सके।

उन्होंने कहा, 'एक बल्लेबाज के तौर पर मैं जानता हूं कि अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका लेकिन इतने साल खेलने के बाद मुझे इतना पता है कि जरूरत से ज्यादा सोचूंगा तो अच्छा नहीं खेल पाऊंगा।% उन्होंने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ आखिरी लीग मैच में 38 गेंद में 68 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

रोहित ने कहा, 'मैं सकारात्मक रहने की कोशिश करता हूं। अभ्यास करता रहता हूं और अपनी गलतियों पर काम करता हूं। हमारा यह सत्र अच्छा नहीं रहा और इसके लिए हम ही कसूरवार हैं क्योंकि हमने काफी गलतियां की। हमने ऐसे मैच गंवाए जो जीतने चाहिए थे लेकिन आईपीएल में ऐसा ही होता है। आपको मौके कम मिलते हैं और जो मिलते हैं तो उन्हें गंवाना नहीं चाहिए।'

भारतीय कप्तान ने यह भी कहा कि टी20 विश्व कप की 70 प्रतिशत टीम आईपीएल के पहले ही तय कर ली गई थी। उन्होंने कहा, 'आईपीएल में प्रदर्शन में उतार चढ़ाव आते रहते हैं। हमने उस पर ज्यादा फोकस नहीं किया। आईपीएल के इस सत्र से पहले ही विश्व कप टीम के 70 प्रतिशत खिलाड़ियों को अपनी भूमिका का पता था।'






राजू (पापा से) - पापा, अगर मैं फिर परीक्षा में फेल हो गया तो मैं आत्महत्या कर लूंगा।
पापा - खबरदार, तुमने आत्महत्या की बात भी की तो जान से मार दूंगा।

•••••••

कवि सम्मेलन में एक कवि अपनी कविता पढ़ रहे थे। श्रोताओं ने उनसे रात भर कविता पढ़ने का अनुरोध किया।
कवि (श्रोताओं से) - क्या आपको यह कविता इतनी पसंद आई?
श्रोता - नहीं, आज हमारे मुहल्ले का चौकीदार छुट्टी पर गया है।

•••••••

रोहन -बसंती, खेलने के क्या-क्या फायदे होते हैं?
बसंती - सबसे बड़ा फायदा तो यही है कि जब तक हम खेलते हैं, तब तक हमें पढ़ना नहीं पड़ता।

•••••••

मोहन - पापा, आपने नया नौकर क्यों रखा है?
पिता - बेटा, घर का सारा काम करने के लिए।
मोहन - पापा, फिर वह मेरा होमवर्क क्यों नहीं करके देता?

•••••••

पिता (बेटे से पूछते हैं)- अंग्रेजी में तुम्हारे कम नम्बर क्यों आए?
बेटा - अनुपस्थित होने से।
पापा - लेकिन तुम तो पेपर देने गए थे।
बेटा - हां, मैं तो गया था, लेकिन मेरे पास बैठने वाला छात्र अनुपस्थित था।

•••••••

पिता - मूर्खों के सभी प्रश्नों के उत्तर एक बुद्धिमान नहीं दे सकता।
पुत्र - जी हां, तभी तो मैं परीक्षा में हर बार फेल हो जाता हूं।

•••••••

राहुल बड़ी देर से घर आया।
पापा - कहां पर थे तुम?
राहुल - दोस्त के घर पर था।
पापा ने राहुल के सामने 10 दोस्तों को फोन किया।
4 ने कहा, 'हां अंकल यहीं पर है।'
2 ने कहा, 'अभी निकला है।'
3 ने कहा, 'यहीं पर है। पढ़ रहा है। फोन दूं क्या?'
एक ने हद कर दी। बोला, 'बोलो पापा क्या हुआ है?'

•••••••

संता ट्रैफिक पुलिस के इंटरव्यू के लिए गया।
इंटरव्यू लेने वाला - एक आदमी गधे की सवारी करता हुआ रोड से जा रहा है और उसने हेलमेट नहीं पहना है तो आप उसे क्या दंड देंगे?
संता - कोई दंड नहीं दूंगा सर।
इंटरव्यू लेने वाला - क्यों?
संता - क्योंकि हेलमेट 2 व्हीलर के लिए जरूरी है, 4 व्हीलर के लिए नहीं।

•••••••

राजू (पिंकी से)- आंसर शीट में क्या लिखूं?
पिंकी- यही कि सभी उत्तर काल्पनिक हैं, जिनका किसी भी किताब से कोई संबंध नहीं है।

•••••••

# रिमी का बाल बैंड

पांच साल की नन्ही सी रिमी बहुत शरारती थी और होती भी क्यों ना? भला बिना शरारत क्या बचपन और कैसा बच्चा? रिमी की मां रोली टीचर थीं। उनके घर में खूब पत्र-पत्रिकाएं आती थीं। कभी-कभी रिमी शरारत करते हुए पुरानी पत्रिकाओं को अपने इर्द-गिर्द फैलाकर बैठ जाती और फिर मोटे-मोटे अक्षरों को अपनी रफ कॉपी में लिखकर शाम को अपनी मम्मी को दिखाती। उसकी मां रोली रिमी की तीव्र बुद्धि देखकर दंग रह जातीं। रिमी बड़े-बड़े वाक्यों को हूबहू कॉपी में उतारकर मां के पास ले जाती और कहती, 'मां पढ़ो तो। भला मैंने क्या लिख दिया?' उसकी भोली बात पर रोली मुस्कराती। नन्ही रिमी का 'भला' तकियाकलाम बन गया था।

एक दिन रिमी की मां रोली तैयार होकर स्कूल के लिए निकल रही थीं। उस दिन रिमी की छुट्टी थी। रिमी ने रोली को लिपस्टिक लगाते हुए देखकर कहा, 'मम्मी भला एक बात तो बताओ।'

रोली समझ गई कि रिमी की प्रश्नों की टेप शुरू हो गई।

वह बोलीं, 'बोलो, भला क्या बात बताऊं?' इस पर रिमी बोली, 'मम्मी जब आप बूढ़ी हो जाओगी, तब भी लिपस्टिक लगाओगी।'

रिमी के मासूम सवाल पर रोली ऐसे हंसी कि लिपस्टिक उसके हाथ से फिसलकर गाल पर लगते हुए रिमी की गोद में जा गिरी। रोली ने रिमी को ढेर सा प्यार किया और बोली, 'बेटा, भला ऐसा कौन कहता है कि बूढ़े लोग लिपस्टिक नहीं लगा सकते।'

मम्मी के जवाब पर रिमी कुछ सोचती रही और इसी बीच रोली उसे प्यार कर अपने स्कूल के लिए निकल पड़ी।

रिमी अकसर अपनी मां की हर चीज की कॉपी करती थी। कभी उनके दुपट्टे की साड़ी बनाकर पहनती थी तो कभी उनकी क्लिप अपने बालों में लगाती थी। रिमी को रंग-बिरंगे हेयर बैंड लगाने का बहुत शौक था। रोली ने रिमी के लिए ढेर सारे हेयर बैंड लाकर रखे हुए थे। उसके पास उसकी ड्रेस से मैच करते अनेकों हेयर बैंड थे।

रिमी घूमने जाते समय अपनी ड्रेस से मैच करके हेयर बैंड लगाकर और अपने कंधे पर छोटा सा पर्स टांग कर कहती थी, 'मम्मा मैं तो कब से तैयार हो गई हूं और आप अभी तक ऐसे ही खड़े हो।'

रिमी को गुलाबी रंग का हेयर बैंड बहुत खूबसूरत लगता था। वह हेयर बैंड काफी महंगा भी था। उसमें सिल्वर रंग के नग लगे हुए थे और रेशमी महीन गुलाबी धागे। रिमी उस हेयर बैंड को पहनकर बिल्कुल परी लगती थी। एक दिन रोली बाजार जा रही थी तो रिमी ने भी जिद पकड़ ली कि वह भी मां के साथ बाजार जाएगी और वापसी में आइसक्रीम खाएगी।

रोली उसे अपने साथ ले जाने लगी तो रिमी बोली, 'एक मिनट मम्मा, मैं जरा अपना हेयर बैंड लगा आऊं।' कुछ ही देर बाद रिमी अपने गुलाबी हेयर बैंड को सिर का ताज बनाकर चली आई।

रोली उसे लेकर बाजार में घूमने लगी। रोली ने कुछ सब्जी-फल और जरूरत की वस्तुएं खरीदीं और फिर रिमी को आइसक्रीम पार्लर की ओर लेकर चल दीं। आइसक्रीम पार्लर से कुछ दूरी पर बहुत सारे बच्चे फटे हुए चिथड़ों में एक सड़े हुए सेब को पाने के लिए लड़ रहे थे। यह देखकर रोली अत्यंत गमगीन हो गई। तभी उसकी नजर रिमी पर गई तो उसने देखा कि एक मैली-कुचैली सी लड़की रिमी से कुछ बोल रही थी। रोली ने उस लड़की को देखा। वह लड़की रिमी के गुलाबी हेयर बैंड की तरफ इशारा करते हुए बोली, 'मुझे, यह दे दो। मैं भी इसे अपने बालों में लगाऊंगी और तुम्हारी तरह सुंदर बन जाऊंगी।'

नन्ही रिमी ने अपनी बड़ी आंखों से उस लड़की को देखा और कुछ सोचते हुए अपना हेयर बैंड उतारकर उसकी ओर बढ़ा दिया। लड़की ने लपककर हेयर बैंड ले लिया और खुश होकर अपने साथियों के बीच पहुंच गई। यह देखकर रोली बोली, 'बेटा, यह तुमने क्या किया? गुलाबी हेयर बैंड तो तुम्हारा फेवरेट बैंड था। तुमने उसे क्यों दे दिया?' इस पर रिमी बोली, 'मम्मा, मेरे पास एक नहीं बहुत सारे हेयर बैंड हैं। अगर वह मेरा फेवरेट भी था तो क्या हुआ? उसे भी तो वही पसंद था।'

मासूम रिमी की बात सुनकर रोली दंग रह गई। रिमी की बात पर रोली ने उन सभी बच्चों के लिए ढेर से फल खरीदे और उन में बांट दिए। उनमें वह लड़की भी थी, जिसे रिमी ने अपना हेयर बैंड दिया था। अब वह हेयर बैंड उस लड़की के बालों की शोभा बढ़ा रहा था। उसके बालों में गुलाबी हेयर बैंड को लगा हुआ देखकर रिमी रोली से बोली, 'मम्मा, इस लड़की के बालों में हेयर बैंड लगा देखकर मुझे इसका एक नया नाम सूझा है।'

रोली उसकी बात समझ नहीं पाई और बोली, 'क्या बेटा?' रिमी तपाक से बोली, 'भला, मम्मी हेयर बैंड को हम बालों में लगाते हैं तो वह हिन्दी में बाल बैंड हुआ ना। हेयर बैंड तो अंग्रेजी का शब्द है।' नन्ही मासूम रिमी के हेयर बैंड के नए शब्द बाल बैंड की खोज पर रोली मुस्करा उठी और उसे गोद में उठाकर आइसक्रीम पार्लर में चली गई।

**रिमी को गुलाबी रंग का हेयर बैंड बहुत खूबसूरत लगता था। वह हेयर बैंड काफी महंगा भी था। उसमें सिल्वर रंग के नग लगे हुए थे और रेशमी महीन गुलाबी धागे। रिमी उस हेयर बैंड को पहनकर बिल्कुल परी लगती थी। एक दिन रोली बाजार जा रही थी तो रिमी ने भी जिद पकड़ ली कि वह भी मां के साथ बाजार जाएगी और वापसी में आइसक्रीम खाएगी।**



## पहेलियाँ

मेरा भाई बड़ा शैतान
बैठे नाक पर पकड़े
कान

• • •

साथ-साथ मैं जाती हूँ
हाथ नहीं मैं आती हूँ

• • •

हरा आटा लाल पराँठा
सखियों ने मिलकर
बांटा

• • •

दिन में लटकी
रात में अटकी

• • •

सिर पर पत्थर
पेट में अंगुलि

• • •

सदा करूं चौकीदारी
मेरे दम पे दुनियादारी

• • •

एक लड़का जनम
का हीना
जिन देखा तिन थू-थू
कीना

• • •


चल पड़ती तो चल
जाती
बिना सहारे ठहर न
पाती

• • •


छोटे से मियाँ जी
दाढ़ी सौ गज की

उत्तर- चश्मा, परछाई, मेहँदी, सांकल, अंगूठी, ताला, पीकदान,साइकिल, सुई धागा


रंग भरो



बिंदु मिलाओ



रास्ता खोजो





# ये खेलोगे तो... दिमाग और तेज दौड़ेगा

मन से पढ़ाई करो। ध्यान से खेलो। क्या तुम्हें भी तुम्हारी टीचर या पापा-मम्मी बात-बात पर ये कहते हैं और तुम्हें लगता है कि तुम तो ध्यान लगाकर ही काम कर रहे हो। यह एक सच्चाई है कि कुछ बच्चों को शुरुआत में किसी चीज पर ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होती है। आज के समय में यह बड़ी कॉमन प्रॉब्लम है। अगर तुम्हें लगता है कि तुम्हें, तुम्हारे भाई-बहन या किसी दोस्त को ध्यान लगाकर कोई काम करने में परेशानी होती है तो क्यों न कुछ मजेदार खेल खेला जाए। इससे तुम पहले से कहीं बेहतर तरीके से ध्यान भी केंद्रित कर पाओगे और साथ ही साथ मौज-मस्ती भी हो जाएगी। तुम ये खेल अपने स्टडी रूम से लेकर स्कूल जाने के दौरान बस में, कहीं भी खेल सकते हो और हां! इनकी मदद से तुम और स्मार्ट भी बन जाओगे।

## मिसिंग नंबर्स

यह उनके लिए अच्छा है, जिन्हें गिनती आती है। मान लो, तुम अपनी याददाश्त बनाने के लिए यह गेम खेलना चाहते हो, तो अपने घर के किसी सदस्य या दोस्त को कहो कि वह 1 से 20 तक गिनती करे और बीच-बीच में कोई अंक छोड़ता रहे। जैसे ही वह कोई अंक नहीं बोलता है, तुम तुरंत वह अंक बता दो। अगर यह गेम थोड़ा बड़ा बच्चा खेल रहा है तो सिंपल एक, दो, तीन की काउंटिंग की जगह नंबर्स के मल्टिपल्स जैसे तीन, छह, नौ, बारह बोलकर यह गेम खेल सकते हो। यह गेम सिर्फ तुम्हारे लिए ही नहीं है, तुम्हारे पेरेंट्स भी चाहें तो यह गेम खेल सकते हैं और यह उनके लिए भी काफी चेलेंजिंग हो सकता है।

## अपोजिट्स

यह तुम जैसे छोटे बच्चों के लिए बहुत अच्छा है। अगर तुम अपने भाई-बहन के साथ यह गेम खेल रहे हो तो उसके सामने कोई शब्द बोलो और उसे उस शब्द का अपोजिट बताने के लिए कहो। पर यह खेल खेलते हुए इस बात का ध्यान रखो कि जिस एज-ग्रुप के बच्चों के साथ यह गेम खेल रहे हो, उसे ऐसे शब्दों का विपरीत शब्द बताने के लिए कहो, जिसे वह समझ सके।

## टंग ट्विस्टर

तुम अपने लिए एक अच्छा-सा टंग ट्विस्टर चुन लो और उसे सही तरीके से बोलने की प्रैक्टिस करो। इससे किसी एक चीज पर तुम ध्यान केंद्रित कर पाओगे।

## कुछ दिलचस्प टंग ट्विस्टर्स

चंदू के चाचा ने चंदू की चाची को चांदनी रात में चटनी चटाई
कच्चा पापड़, पक्का पापड़
पीला पपीता, पका पपीता
हरा पपीता, कच्चा पपीता

*ये सभी फन गेम हैं। अगर तुम सीरियसली इन्हें खेलने लगोगे तो इसका असर भी अधिक होगा और मजा भी आएगा। यह तुम्हारा प्ले टाइम है और उसका भरपूर मजा उठाओ और साथ में अपनी याददाश्त भी बढ़ाओ।*

क्रांति समय
Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति पर धोखाधड़ी का आरोप

सिंगापुर भारतीय मूल के एक व्यक्ति पर अपनी गलत पहचान बताकर राष्ट्रपति कार्यालय, राष्ट्रीय विकास मंत्रालय और संसद को ई-मेल भेजकर धोखाधड़ी करने के आरोप लगे हैं। अदालत में 17 मई को पेश हुए 24 वर्षीय प्रकाश परमाशिवम ने खुद को सिंगापुर जेल सेवा स्टाफ का सदस्य बताकर राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम, राष्ट्रीय विकास मंत्री डेसमंड ली और संसद को ईमेल भेजे। रिपोर्ट के अनुसार, प्रकाश पर आरोप है कि उसने 16 फरवरी को संसद को और उसके दो दिन बाद ली को ई-मेल किया। इसके बाद प्रकाश ने 24 फरवरी को राष्ट्रपति थर्मन को एक और ईमेल भेजा। इस मामले में अगली कार्यवाही 20 जून को होगी। देश के कानून के अनुसार अपनी गलत पहचान बताकर धोखाधड़ी करने के अपराधी को पांच साल कारावास की सजा और जुर्माना हो सकता है।

## अगर पाकिस्तान में होती तो तुम्हारा अपहरण कर लेता, कार ड्रायवर और महिला की बातचीत का वीडियो वायरल


टोरंटो,(ईएमएस)। कनाडा में कार ड्राइवर और एक महिला की बातचीत का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें ड्रायवर और महिला की बातचीत सोशल मीडिया पर बहस का मुद्दा बन गई। कैब का ड्राइवर महिला से कहता है कि अगर वह पाकिस्तान में होती तो वह उसका अपहरण कर लेता। माना जा रहा है कि ड्राइवर मूलरूप से पाकिस्तानी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह वीडियो टोरंटो का है। वीडियो में पहले ड्राइवर कहता है, तुम अगर पाकिस्तान में पैदा होती तो मैं तुम्हारा अपहरण कर लेता। इसपर महिला कहती है, तुम मेरा अपहरण कर लेते? इसपर ड्राइवर जवाब देता है, बिल्कुल, क्योंकि मेरे पास तुम्हें पाने का कोई दूसरा रास्ता नही रहता। यह वीडियो 14 मई को सोशल मीडिया पर शेयर किया गया था। इस वीडियो को लेकर लोगों का कहना है कि इस कैब ड्राइवर पर ऊबर को ऐक्शन लेना चाहिए और उसे सस्पेंड कर देना चाहिए। कई लोगों ने कहा कि इस ड्राइवर को पकड़कर पाकिस्तान वापस भेज देना चाहिए। वहीं एक यूजर ने ड्राइवर का सपोर्ट किया और कहा कि ड्राइवर ने पूरी बात क्या कही इसका पता नहीं चला है। उसकी छोटी सी वीडियो को वायरल किया जा रहा है। हो सकता है कि वह मजाक में कोई बात कह रहा हो। सोशल मीडिया पर बहुत सारी बेकार की बातें वायरल होती हैं। पूरा वीडियो देखने पर ही पता चलेगा कि आखिर मामला क्या था।

## टिकटॉक ने नए अमेरिकी कानून को बदलने का किया आग्रह

वाशिंगटन। अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) और टिकटॉक ने एक संघीय अदालत से छह दिसंबर तक सोशल मीडिया कंपनी के जबरन विनिवेश पर निर्णय जारी करने का आग्रह किया है। अदालत के दस्तावेज़ में कहा गया है कि यदि आवश्यक हो तो सर्वोच्च न्यायालय से आपातकालीन राहत का अनुरोध करने के लिए अधिनियम के निषेधों के प्रभावी होने से पहले पर्याप्त समय है। कंपनी सम्मानपूर्वक न्यायालय से छह दिसंबर, 2024 तक इन कार्यों की योग्यता पर अपना फैसला जारी करने का आग्रह करती हैं। टिकटॉक और उसकी मूल कंपनी बाइटडांस ने पिछले दिनों अमेरिकी संघीय अदालत में एक याचिका दायर कर नए अमेरिकी कानून को बदलने का आग्रह किया था कि अगर बाइटडांस नौ महीने में अपना अमेरिकी व्यापार नहीं बेचता है तो उनके आवेदन पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा, लेकिन कानून अमेरिकी राष्ट्रपति को समय सीमा एक साल तक बढ़ाने की अनुमति देता है।

## नैंसी पेलोसी के पति पर हमला करने वाले को 30 साल की सजा

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिकी संसद की तत्कालीन अध्यक्ष नैंसी पेलोसी के घर में घुसकर उन्हें बंधक बनाने और उनके पति पर हथौड़े से हमला करने वाले व्यक्ति को 30 साल की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश जैकलीन स्कॉट कॉर्ली ने 44 वर्षीय डेविड डेपेप को सजा सुनाई है। पिछले नवंबर जूरी सदस्यों ने आरोपी डेपेप को दोषी पाया था। अभियोजकों ने 40 साल की जेल की सजा मांगी थी। उस समय 82 वर्षीय पॉल पेलोसी पर हमला 2022 के मध्यावधि चुनावों से कुछ दिन पहले हुआ था और घटना का पूरा वीडियो पुलिस बॉडी कैमरा पर कैद हो गया था, जिससे राजनीतिक जगत में हलचल मचा दी थी।



## दुनिया में सबसे रईसों का शहर है न्यूयॉर्क, यहां हर शख्स के खाते में है करीब आठ करोड़ रुपए

न्यूयॉर्क। वैसे तो दुनिया में एक से बढ़कर एक पैसे वाले लोग मौजूद हैं जिनके नाम सूची में ऊपर नीचे होते रहते हैं। हमारे देश में भी अमीरों की संख्या कम नहीं है लेकिन क्या आप जानते है दुनिया में सबसे ज्यादा अमीर किस शहर में हैं? तो आपको बताएं वह शहर है न्यूयॉर्क। एक रिपोर्ट के मुताबिक न्यूयॉर्क शहर में 349,500 अमीर रहते हैं। अमीर का मतलब उन लोगों से है जिनके पास एक मिलियन डॉलर यानी 8,34,88,650 रुपए से ज्यादा पैसा है। न्यूयॉर्क में 2013 से 2023 के बीच रइसों की संख्या में 48 फीसदी बढ़ी है। सबसे ज्यादा रईस लोगों की सूची में पहले दो नंबर पर अमेरिकी शहरों का नाम है। इस सूची में दूसरे नंबर पर द बे एरिया है जहां 306,700 रईस लोग रहते हैं। पिछले दस साल में यहां रईसों की संख्या में 82 फीसदी तेजी आई। कैलिफोर्निया में सैन फ्रांसिस्को खाड़ी के आसपास के एरिया को द बे एरिया कहा जाता है। फाइनेंशियल मार्केट्स और रियल एस्टेट कीमतों में तेजी से इन शहरों में रईसों की संख्या तेजी से बढ़ी है। जापानी की राजधानी टोक्यो में 298,300 रईस रहते हैं। पिछले दस साल में इस शहर मे रईसों की संख्या में पांच फीसदी गिरावट आई है। इस सूची में चौथे नंबर पर सिंगापुर है जहां 244,800 रईस रहते हैं। पिछले 10 साल में इस शहर में 64 फीसदी तेजी आई है। लंदन में इस दौरान रईसों की संख्या में 10 फीसदी गिरावट देखी गई है। इस शहर में अब 227,000 ऐसे लोग रह गए हैं जिनकी नेटवर्थ 10 लाख डॉलर से ज्यादा है। इस लिस्ट में अगला नंबर अमेरिका के लॉस एंजिलिस का आता है। इस शहर में 212,100 रईस रहते हैं। पिछले दस साल में इस शहर में रईसों की संख्या में 45 फीसदी तेजी आई है। इस सूची में सातवां नंबर पेरिस का है। पेरिस और ली-डे-फ्रांस में रईसों की संख्या 165,000 है। पिछले दस साल में यहां यह संख्या 12 फीसदी तक बढ़ी है। ऑस्ट्रेलिया का शहर सिडनी इस आठवें नंबर पर है। इस शहर में 147,000 रईस रहते हैं। पिछले दस साल में इसमें 34 फीसदी तेजी आई है। हॉन्ग कॉन्ग में पिछले एक दशक में रईसों की संख्या में चार फीसदी गिरावट आई है। इस शहर में अब रईसों की संख्या 143,400 रह गई है। चीन की राजधानी बीजिंग में रईसों की संख्या 125,600 हो गई है। पिछले दस साल में इनकी संख्या में 90 फीसदी तेजी आई है। वहीं भारत इस सूची में नहीं है।

## शारीरिक गतिविधि का मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर पड़ता है प्रभाव


सिडनी। एक शोध में यह बात सामने आई है कि शारीरिक गतिविधि का मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है, और यह न केवल आपके मस्तिष्क को फिर से जीवंत कर सकता है, बल्कि उम्र बढ़ने के साथ होने वाली याददाश्त की कमी को भी कम कर सकता है। शोधकर्ता टीम ने चूहों के मस्तिष्क में व्यक्तिगत कोशिकाओं में जीन की अभिव्यक्ति पर ध्यान केंद्रित किया। शोध के परिणामों से पता चला है कि व्यायाम का मस्तिष्क के कार्य का समर्थन करने वाले केंद्रीय तंत्रिका तंत्र की प्रतिरक्षा कोशिकाओं माइक्रोग्लिया में जीन अभिव्यक्ति पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि टीम ने पाया कि व्यायाम वृद्ध माइक्रोग्लिया के जीन अभिव्यक्ति पैटर्न को युवा चूहों में दिखाई दिए जीन अभिव्यक्ति पैटर्न में बदल देता है। शोधकर्ता जना वुकोविक ने कहा, हम आश्चर्यचकित और उत्साहित थे कि शारीरिक गतिविधि किस हद तक मस्तिष्क के भीतर प्रतिरक्षा कोशिकाओं की संरचना को फिर से जीवंत और परिवर्तित करती है, विशेष रूप से जिस तरह से यह उम्र बढ़ने के नकारात्मक प्रभावों को उलटने में सक्षम थी।



उत्तर कोरिया ने एक अज्ञात स्थान पर एक सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया।

## ध्रुवीय क्षेत्रों के ताप उत्सर्जन का अध्ययन करने नासा का नया मिशन

लॉस एंजिल्स। नासा ने पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों से गर्मी के नुकसान का अध्ययन करने और बदलती जलवायु की जानकारी देने के लिए इस महीने एक नया मिशन शुरू करने की योजना बनाई है। नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) ने यह जानकारी दी। मिशन का नाम पोलर रेडिएंट एनर्जी इन द फार-इन्फारेड एक्सपेरिमेंट (पीआरईएफआईआरई) है। यह धरती पर आर्कटिक और अंटार्कटिक का अध्ययन करेगा। जेपीएल ने बताया कि पीआरईएफआईआरई के हरेक क्यूब उपग्रह या क्यूबसैट पृथ्वी की सतह और वायुमंडल द्वारा अंतरिक्ष में उत्सर्जित दूर-अवरक्त ऊर्जा के रूप में गर्मी को मापने के लिए एक थर्मल इंफ्रारेड स्पेक्ट्रोमीटर का उपयोग करेंगे। जेपीएल के अनुसार मिशन का डेटा ध्रुवों पर ग्रीनहाउस प्रभाव के बारे में हमारी समझ को बेहतर बनाने में विशेष रूप से जल वाष्प, बादलों और पृथ्वी के वायुमंडल के अन्य तत्वों की गर्मी को फंसाने और इसे अंतरिक्ष में विकीर्ण होने से रोकने की क्षमता में मदद करेगा। शोधकर्ता इस जानकारी का इस्तेमाल जलवायु और बर्फ मॉडल को अद्यतन करने में करेंगे जिससे इस बात का पता लगाया जा सकेगा कि गर्म होती दुनिया में समुद्र के स्तर, मौसम और बर्फ के आवरण में कैसे बदलाव होने की संभावना है।




## चीन और रूस संबंधों का भविष्य उज्ज्वल है: शी जिनपिंग

### -रूस बातचीत के जरिए यूक्रेन मुद्दे को हल करने के लिए प्रतिबद्ध



**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि चीन और रूस के बीच रणनीतिक संबंध अमेरिका के विरोध के बावजूद एक ऐतिहासिक शुरुआती बिंदु पर हैं। चीन ने कहा कि व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के साथ जंग को खत्म करने के लिए बातचीत के जरिए समझौता करने की ख्वाहिश जताई है।

दोबारा रुस के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद चीन की अपनी पहली यात्रा बीजिंग पहुंचे पुतिन। उन्होंने अपनी रणनीतिक सहयोगात्मक साझेदारी को जारी रखने के लिए एक विजन डॉक्यूमेंट पर हस्ताक्षर करने के अलावा शी जिनपिंग के साथ बातचीत भी की। चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग ने हार्बिन में 8वें रूसी-चीनी एक्सपो में कहा कि चीन और रूस संबंधों का भविष्य उज्ज्वल है और इस साल चीन-रूस राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ है। दोनों देश द्विपक्षीय संबंध नए ऐतिहासिक मौकों को अपनाएंगे और विकास की व्यापक संभावनाएं पैदा करेंगे।

बीजिंग से करीब 1300 किलोमीटर उत्तर-पूर्व और रूस के साथ इसके बॉर्डर के करीब, हार्बिन में पुतिन ने चीन-रूस एक्सपो में हिस्सा लिया। इसके बाद उन्होंने कहा कि कीव के विपरीत, रूस ने युद्ध खत्म करने के लिए यूक्रेन के साथ बातचीत करने से कभी इनकार नहीं किया है। पुतिन और शी जिनपिंग दोनों ने रूस द्वारा शुरू किए गए यूक्रेन युद्ध को सुलझाने के लिए बातचीत की बात कही। शी जिनपिंग, पुतिन के साथ अपने संबंधों को चीन के प्रति अमेरिका की बढ़ती शत्रुता का काउंटर मानते हैं, जिसके बारे में बीजिंग का कहना है कि इसका उद्देश्य उसकी प्रगति का काउंटर करना है, वहीं पुतिन के यूक्रेन युद्ध जारी रखने को लेकर यहां बेचैनी है।

हालांकि, बीजिंग ने सार्वजनिक तौर से यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का समर्थन नहीं किया है लेकिन चीन-रूस रणनीतिक साझेदारी अमेरिका और उसके सहयोगियों की गहन जांच के दायरे में आ गई है, जिन्होंने रुप पर प्रतिबंध लगाए हैं। चीन की अपनी दो दिन की यात्रा के दौरान पुतिन ने यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए बातचीत के जरिए समाधान निकालने की ख्वाहिश जताई।

एजेंसी के मुताबिक पुतिन ने कहा कि रूस ने कभी भी युद्ध खत्म करने के लिए यूक्रेन के साथ बातचीत करने से इनकार नहीं किया है। पुतिन ने कहा कि हमें एक बार फिर धोखा दिया गया। अब हमें यह समझना होगा कि हमें किसके साथ और कैसे व्यापार करना चाहिए। हम किस पर और किस हद तक भरोसा कर सकते हैं। पुतिन ने यूक्रेन युद्ध के राजनीतिक समाधान में अहम और रचनात्मक भूमिका निभाते रहने के लिए चीन का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि रूस राजनीतिक बातचीत के जरिए यूक्रेन मुद्दे को हल करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस संबंध में ईमानदारी दिखाने और चीन के साथ करीबी बातचीत बनाए रखने का इच्छुक है। शी जिनपिंग ने कहा कि चीन को उम्मीद है कि जल्द ही यूरोपीय महाद्वीप में शांति और स्थिरता लौटेगी और वह इसके लिए रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

## ताइवान की संसद बनी अखाड़ा... सांसदों ने एक दूसरे पर लात घूंसे चलाए

**ताइपे (एजेंसी)।** ताइवान की संसद में बड़े पैमाने पर अराजकता का माहौल देखा गया। यहां एक सुधारों से जुड़े सेट पर तीखी बहस के दौरान सांसदों ने एक दूसरे पर लात घूसे चलाए। सांसदों के बीच हाथापाई तब हुई जब संसद में सांसदों को सरकार के कार्यों की निगरानी के लिए अधिक शक्ति देने वाले प्रस्ताव पर बहस होने वाली थी। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियों में सांसदों को फाइलें छीनते और संसद से बाहर भागते हुए देखा गया। एक अन्य वीडियो में कुछ सांसदों को स्पीकर की सीट घेरे हुए देखा गया, जिसमें से कई टेबल पर कूद रहे हैं। वीडियो को देखकर लोगों ने कहा कि ये संसद नहीं बल्कि सर्कस है। कई सांसद एक दूसरे को फर्श पर खींच रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि लड़ाई रुक गई, लेकिन दोपहर तक जारी रही। यह विवाद नवनिर्वाचित राष्ट्रपति लाई चिंग-ते के विधायी बहुमत के बिना पद संभालने से कुछ दिन पहले हुआ है। एक वीडियो में दिख रहा है कि सांसद एक दूसरे पर चढ़ने की कोशिश में जमीन पर गिर रहे हैं। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी और कुओमितांग कथित तौर पर नए कदम पर लड़ रहे थे, जो संसद में गलत बयान देने वाले अधिकारियों को अपराधी बनाता है।




नई सरकार का गठन पहले से ही विवाद में है, क्योंकि लाई की डीपीपी ने जनवरी में चुनाव जीतने के बावजूद संसद में अपना बहुमत खो दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विपक्षी केएमटी के पास डीपीपी से अधिक सीटें हैं, लेकिन यह बहुमत के लिए पर्याप्त नहीं हैं। वह टीपीपी के साथ गठबंधन बनाने की कोशिश कर रही है, जो संसद की 113 सीटों में से आठ को नियंत्रित करती है। केएमटी पार्टी की सदस्य जेसिका चेन ने डीपीपी पर एक पार्टी के रूप में निरंकुश शक्तियां चाहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सुधार कार्यकारी शाखा की बेहतक विधायी निगरानी को सक्षम करने के लिए थे।

## बंधकों के शव देख बौखलाया इजराइल, तेज हो सकते हैं हमले

**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को रोकने के लिए दुनिया के कई देश मध्यस्थता कर रहे हैं। इसके बावजूद अब तक युद्धविराम को लेकर समझौता नहीं हो पाया है। इजरायल का कहना है कि हमास पहले सभी बंधकों को मुक्त करे इसके बाद ही युद्धविराम पर बात हो सकती है। वहीं हमास का कहना है कि इजराइल भी फलस्तीनियों को रिहा करे और गाजा से अपना कब्जा छोड़े इसके बाद ही समझौता किया जाएगा। इसी बीच इजरीयली सेना ने दावा किया है कि गाजा पट्टी में तीन बंधकों के शव पाए गए हैं। बंधकों के शव देख बौखलाया इजराइल गया और वह गाजा पर हमले और तेज हो सकता है। आईडीएफ के प्रवक्ता रेयर एडमिरल डेनियल हैगरी के मुताबिक रात भर चले ऑपरेशन के बाद इन शवों को निकाला गया है। बताया गया कि ये तीनों लोग 7 अक्टूबर को सुपरनोवा म्यूजिक फेस्टिवल में शामिल हुए थे। यहीं पर हमास के आतंकियों ने हमला कर दिया और इसके बाद बंधकों को लेकर मेफालसिम चले गए थे। इस बात की भी संभावना जताई गई है कि उनकी हत्या करने के बाद ही हमास के आतंकी शव लेकर गाजा गए हों। लोउक के बारे में पहले ही मौत की पुष्टि कर दी गई थी लेकिन माना जा रहा था कि बाकी के दो बंधक जिंदा हैं। उन्होंने कहा कि कुछ फिलिस्तीनी संदिग्धों के जरिए ही खुफिया जानकारी मिली थी। उन्होंने कहा कि गाजा के सभी हिस्सों में युद्ध चल रहा है। मैदान में उतरे हर सैनिक के मन में एक ही बात है कि सभी बंधकों की घर वापसी। बता दें कि 7 अक्टूबर को हमास के हमले में इजरायल में कम से कम 1170 लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद इजरायली सेना के हमले में अब तक 35 हजार से ज्यादा फलस्तीनी आम लोगों की मौत हो चुकी है जिसका पूरी दुनिया समेत अमेरिका में विरोध किया जा रहा है लेकिन इजराइल अपनी कार्रवाई रोकने को तैयार नहीं है।

## अमेरिका ने भारतीय मतदाताओं की सराहना की, कहा- दुनिया में इससे ज्यादा जीवंत लोकतंत्र नहीं



**वॉशिंगटन(एजेंसी)।** भारत में लोकसभा चुनाव के चार चरण संपन्न हो चुके हैं। पांचवें चरण का मतदान 20 मई को होगा। चुनाव एक जून को सातवें चरण के साथ संपन्न हो जाएगा। इसके नतीजे चार जून को आएंगे। इस बीच, अमेरिका ने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए भारत के लोगों की सराहना की। व्हाइट हाउस ने कहा कि दुनिया में भारत से अधिक जीवंत लोकतंत्र नहीं हैं।

व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी एक संवाददाता सम्मेलन में भारत में चल रहे चुनावों पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। यहां उन्होंने कहा कि विश्व में भारत से अधिक जीवंत लोकतंत्र नहीं हैं। हम भारत के लोगों की मतदान करने की उनकी क्षमता और उनकी भविष्य की सरकार में आवाज उठाने के लिए सराहना करते हैं। निश्चित रूप से हम पूरी प्रक्रिया के सही ढंग से होने की कामना करते हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में किर्बी ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत हुए हैं। खासतौर पर बाइडन प्रशासन के पिछले तीन वर्षों के दौरान रिश्तों में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ हमारे संबंध बेहद करीबी हैं और भी पास होते जा रहे हैं।

### नई पहलों की शुरुआत की

उन्होंने कहा कि आपने इसे राजकीय यात्रा (पिछली यात्रा) में देखा। हमने सभी प्रकार की नई पहलों की शुरुआत की। महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों पर एक साथ काम कर रहे हैं। साथ ही इंडो पैसिफिक क्वाड की प्रासंगिकता को मजबूत कर रहे हैं, जिसका निश्चित रूप से भारत एक हिस्सा है। इतना ही नहीं, बल्कि दोनों देशों के लोगों के बीच आदान-प्रदान होता है और भारत के साथ हम सेना साझा करते हैं। व्हाइट हाउस के अधिकारी ने कहा, यह एक बहुत ही सक्रिय साझेदारी है। हम प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व के लिए आभारी हैं।

### भारत और जापान जेनोफोबिक देश?

जब उनसे पूछा गया कि क्या राष्ट्रपति जो बाइडन का मानना है कि भारत और जापान जेनोफोबिक देश हैं, तो उन्होंने नहीं जवाब दिया। किर्बी ने कहा कि राष्ट्रपति हाल ही में एक अलग और बड़ी बात रख रहे थे। उन्होंने कहा, मेरा मतलब है कि राष्ट्रपति अमेरिका में हमारे अपने लोकतंत्र और यह कितना समावेशी व भागीदारी वाला है, इस पर बात कर रहे थे।

## भारतीय पर्यटकों के मालदीव के बायकॉट से श्रीलंका हुआ मालामाल

### -2024 में करीब 6 लाख भारतीय पर्यटक आने की संभावना

**बीजिंग (एजेंसी)।** कोलंबो (ईएमएस)। भारत और मालदीव पिछले कुछ महीनों से विवाद चल रहा है। भारत ने अपने पर्यटकों को मालदीव नहीं जाने की हिदायत दी थी जिससे मालदीव की भारतीय पर्यटकों से होने वाली कमाई पर असर पड़ा है। भारत और मालदीव की लड़ाई में तीसरा देश मौज कर रहा है।

भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का बायकॉट किया तो पड़ोसी देश श्रीलंका की तो जैसे लॉटरी लग गई। मालदीव से मुंह मोड़ने के बाद भारतीय पर्यटक अब श्रीलंका का रुख कर रहे हैं और वहां जमकर पैसे खर्च कर रहे हैं। साल 2022 के मुकाबले 2023 में श्रीलंका जाने वाले इंडियन टूरिस्ट्स की संख्या करीब दोगुनी हो गई। टूरिस्ट की संख्या मालदीव से रिश्ते बिगड़ने के बाद ज्यादा बढ़ी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 में 302,844 भारतीय पर्यटक श्रीलंका छुट्टियां मनाने गए थे। यह साल 2022 के 123,004 के मुकाबले दोगुना है। श्रीलंका सरकार का अनुमान है कि 2024 में करीब 6 लाख भारतीय पर्यटक आने की संभावना है। भारतीय पर्यटकों को लुभाने के लिए श्रीलंका के पर्यटन विभाग ने एक खास अभियान भी चलाया है। मुंबई, दिल्ली जैसे शहरों में रोड शो करवा रही है। कई और शहरों में रोड शो का प्लान है। श्रीलंका के पर्यटन मंत्री हारिन फर्नांडो ने माना है कि भारत-मालदीव के विवाद का फायदा उन्हें मिला है। फर्नांडो ने कहा कि भारतीय पर्यटक ने मालदीव का बायकॉट किया। इसका फायदा हमें मिला। वह कहते हैं कि साल 2030 तक भारत, टूरिज्म में चौथा सबसे ज्यादा पैसा खर्च करने वाला देश बन जाएगा। इसलिए हमारी नजर भारतीय पर्यटकों पर टिकी हैं। मालदीव फैक्टर ने हमारी मदद की। श्रीलंका पर्यटन विभाग के मुताबिक साल 2023 में वहां कुल 1,487,303 पर्यटक आए थे जिसमें से अकेले 30,2844 भारतीय पर्यटक थे। जुलाई 2023 के बाद से भारतीय पर्यटक की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। आंकड़ों के मुताबिक इस साल जनवरी में 15,006, फरवरी में 11,252, मार्च में 7,668 और अप्रैल में 8,712 भारतीय पर्यटक मालदीव गए।

मालदीव ऐसा देश है, जिसकी इकोनॉमी मुख्य तौर पर टूरिज्म पर टिकी है। पिछले कई सालों से भारतीय पर्यटक का इसमें सबसे बड़ा योगदान रहा है। बता दें कुछ महीने पहले चीन समर्थित मोहम्मद मुइज्जू जब मालदीव के राष्ट्रपति बने तो उन्होंने भारत को लेकर उल्टे-सीधे बयान देने शुरू कर दिए थे। भारतीय सैनिकों को देश से निकालने की जिद पकड़ ली। बार-बार डेडलाइन देने लगे। इसी बीच पीएम नरेंद्र मोदी केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप गए और वहां के बीच से लेकर लैंडस्केप की खूबसूरती साझा की थी। इसके बाद भारतीय पर्यटकों ने भी मालदीव को छोड़कर लक्षदीप का रुख करना शुरु कर दिया था।



# ताज नगरी में भीषण गर्मी से लोग परेशान, हीटवेव की चेतावनी

## -जनजीवन प्रभावित, मौसम विभाग ने की एडवाइजरी जारी

**आगरा। (एजेंसी)**

देश के कई इलाकों में गर्मी रिकार्ड तोड़ रही है। गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। दिल्ली और उसके आसपास तापमान 45 के ऊपर पहुंच रहा है। वहीं यूपी में गर्मी अपने चरम पर है। यूपी के आगरा में गर्मी के साथ लू के थपेड़ों ने लोगों का बुरा हाल कर रखा है। घर आग की तरह तप रहे हैं। गर्मी के चलते बाजारों और कॉलोनियों में सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है एसी और कूलर भी लोगों को राहत नहीं पहुंचा पा रहे हैं। गर्मी में बच्चे चों और बुजुर्गों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनजीवन प्रभावित हो गया है। प्रशासन ने अलर्ट जारी कर लोगों को सावधान रहने के लिए कहा है।

ताजनगरी आगरा में भीषण गर्मी पड़ रही है। अगले पांच दिन लू का खतरा मंडरा रहा है। रात भी तपने लगी है। मौसम विभाग ने हीट वेव की चेतावनी जारी की है। दोपहर में बाहर निकलना खतरनाक हो सकता है। घर, दफ्तर या कार्यस्थलों के अंदर ही रहना आपको बीमारी से बचा सकता है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री बढ़कर 46.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। यह सीजन का सबसे गर्म दिन रहा।

मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के लिए हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। 22 मई तक तापमान अधिक रहेगा और गर्म हवाएं भी चलेंगी। ऐसे में लू लगने, हीट स्ट्रोक का सबसे ज्यादा खतरा है। सीएमओ डा. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि हीट वेव को देखते हुए जिला, ब्लॉक स्तर पर इलाज की व्यवस्थाएं की गई हैं। अस्पतालों में ओआरएस और आईवी फ्लूड का इंतजाम करने को कहा है। मानव संसाधन को भी अलर्ट कर दिया है। सीएचसी और पीएचसी पर जरूरी दवाएं भेजी गई हैं। सभी अस्पतालों में कोल्ड रूम बनाए गए हैं। मई और जून तक सभी केंद्र अलर्ट मोड पर रहेंगे।

आगरा के डीएम भानु चंद्र गोस्वामी ने कहा कि जिले में गर्मी को लेकर 15 दिन पहले ही अलर्ट जारी कर दिया था। उन्होंने कहा कि लोगों को चाहिए कि जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकलें। सभी लोग गर्मी से बचाव के लिए अतिरिक्त एहतियात बरतें। लू से बचाव के लिए जरूरी चीजों का ध्यान रखें। स्वास्थ्य विभाग ने अस्तपालों और सीएचसी, पीएचसी पर सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली हैं ताकि गर्मी में मरीजों को परेशानी न हो।



**ये हैं गर्मी से बचाव के तरीके**

- बार-बार पानी पिएं, हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें
- धूप से बचने गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूते-चप्पल पहनें
- शराब, चाय, काफी का इस्तेमाल न करें।
- सफर में ठंडे पानी का पर्याप्त स्टाक करके चलें
- धूप में खड़े वाहनों में बच्चे और पालतू जानवरों को न छोड़े
- चेहरे, सिर, गर्दन पर गीला कपड़ा रखें, चक्कर आए तो डाक्टर को दिखाएं
- घर में बनाए लस्सी, शिकंजी, छाछ, नींबू पानी और आम का पना पिएं
- खाना बनाते समय घर के साथ रसोई के दरवाजे और खिड़कियां खुले रखें
- प्रोटीन युक्त खाना न खाएं, बासी भोजन न करें, हल्का खाना ही खाएं
- खिड़कियों को एल्युमिनियम की पन्नी, गत्ते से ढंककर रखें
- जिन खिड़कियों से गर्म हवाएं आती हैं वहां पर्दे लगाएं

# कन्हैया कुमार के साथ चुनाव प्रचार के दौरान मारपीट

## हमलावर ने वीडियो जारी कर कहा- सिखा दिया उसे सबक

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

उत्तर पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के प्रत्याशी कन्हैया कुमार के साथ चुनाव प्रचार के दौरान मारपीट का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक माला पहनाने के बहाने आए युवक ने कन्हैया कुमार को थप्पड़ जड़ दिया। बता दें कि ये घटना उत्तर पूर्वी दिल्ली के थाना उस्मानपुर इलाके के करतार नगर में हुई। इस दौरान आम आदमी पार्टी की महिला पार्षद छाया शर्मा के साथ भी बदसलूकी हुई है। महिला पार्षद ने पुलिस में शिकायत दी है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें एक युवक कन्हैया कुमार के करीब आता है और उन्हें पहले माला पहनाता है, इसके बाद उसने कन्हैया पर हमला कर दिया। हालांकि भीड़ में मौजूद कन्हैया कुमार के समर्थकों ने युवक को तुरंत पकड़ लिया।

उत्तर पूर्वी दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी ने जहां मनोज तिवारी को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं इंडी गठबंधन की तरफ से इस सीट से कन्हैया कुमार चुनाव लड़ रहे हैं। कन्हैया कुमार को थप्पड़ मारने वाले शख्स को वहां मौजूद कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने खूब पीटा। कन्हैया कुमार पर हमला करने वाले आरोपी का नाम है दक्ष चौधरी। दक्ष चौधरी ने इस घटना के बाद का एक वीडियो भी जारी किया है। इस वीडियो में उसने कहा, जिस कन्हैया ने नारे लगाए थे भारत तेरे टुकड़ें होंगे, अफजल हम शर्मिंदा हैं तेरे कातिल जिंदा हैं, उनको हम दोनों ने चांटे से जवाब दिया है। दक्ष चौधरी ने कहा कि जब तक हमारे जैसे सनातनी जिंदा हैं तब तक भारत के टुकड़े कोई नहीं कर सकता है। वहीं दक्ष चौधरी के साथ मौजूद दूसरा व्यक्ति कहता है कि उसे दिल्ली में घुसने नहीं देंगे। भारतीय सैनिकों को जो रेपिस्ट कहता है। दक्ष ने आगे कहा, जो कहा था वो कर दिया, उसका बढ़िया इलाज कर दिया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जिस व्यक्ति ने कन्हैया कुमार पर हमला किया, उसकी तस्वीरें भी देखी गई हैं भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ। भाजपा द्वारा यह हमला कन्हैया कुमार पर कराया गया है।

बता दें कि दिल्ली की 7 लोकसभा सीटों में से उत्तर पूर्वी दिल्ली में कन्हैया कुमार का मुकाबला दो बार के भाजपा सांसद मनोज तिवारी से है।

# बीजेपी नेता का दावा....मेरे रिहा होते ही कर्नाटक सरकार गिर जाएगी

## कांग्रेस नेता डीके ने 100 करोड़ रुपये की पेशकश की

**बेंगलुरु ।(एजेंसी)**

विभिन्न आरोपों में जेल में बंद भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) नेता जी देवराजेगौड़ा ने आरोप लगाकर कहा है कि राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने उन्हें जनता दल-सेक्युलर(जद-एस) के प्रदेश अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी पर हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित यौन उत्पीड़न का वीडियो पेन ड्राइव लीक करने का आरोप लगाने के लिए 100 करोड़ रुपये की पेशकश की थी। भाजपा नेता ने डीके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिष्ठा धूमिल करने और श्री कुमारस्वामी को बदनाम करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। श्री देवराजेगौड़ा ने अपनी जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद कहा, उन्होंने (श्री शिवकुमार) मुझे 100 करोड़ रुपये का प्रस्ताव ही नहीं, बल्कि बेंगलुरु के बॉरिंग क्लब में कमरा 110 के लिए पांच करोड़ रुपये की अग्रिम राशि भी भेजी। भाजपा नेता ने कहा कि उन्होंने रिश्वत की पेशकश को ठुकरा दिया, इसके कारण उन्हें कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, चूंकि मैंने उनके साथ सहयोग करने से इंकार कर दिया, इसलिए



उन्होंने मुझे पहले अत्याचार के मामले में, फिर यौन उत्पीड़न के मामले में और अंत में दुष्कर्म के मामले में फंसाया। अपने दावों को साबित करने के लिए सबूत होने पर जोर देकर उन्होंने कहा, मेरे रिहा होते ही सरकार गिर जाएगी।

# वीजा-मुक्त पर्यटन बढ़ाने भारत-रुस कर सकते हैं समझौता

## -रूस का वीज़ा यह कार्यक्रम भारत तक ही सीमित नहीं

**नई दिल्ली। (एजेंसी)**

भारत और रूस दोनों देशों के बीच वीजा-मुक्त पर्यटक आदान-प्रदान हो सकता है, इसको लेकर दोनों देश एक ऐतिहासिक बातचीत शुरू करने वाले हैं, जिसका लक्ष्य पर्यटन प्रवाह को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाना है। मीडिया रिपोर्टस में बताया कि बातचीत का पहला दौर जून में होना है, जिसके दौरान देश द्विपक्षीय समझौते की व्यवहार्यता का पता लगाएंगे, जिसे साल के अंत तक अंतिम रूप दिया जा सकता है। रूस के आर्थिक विकास मंत्रालय में बहुपक्षीय आर्थिक सहयोग और विशेष परियोजना विभाग की निदेशक निकिता कोंद्रायेव ने रूस-कज़ान 2024 में आगामी बातचीत के बारे में विवरण साझा किया। रूस के कज़ान में आयोजित इस कार्यक्रम ने समूह वीज़ा-मुक्त यात्राओं पर बातचीत में प्रगति को उजागर करने के लिए कोंद्रायेव के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। कोंद्रायेव ने कहा कि उन्हें लगता है कि जून में मसौदा समझौते पर बातचीत करने के लिए उनके साथ पहला परामर्श आयोजित करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी योजना साल के अंत तक इस समझौते पर हस्ताक्षर करने की है। यह पहल अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए रूस की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। इससे पहले फरवरी में, भारतीय मंत्रालय ने रूस की पर्यटन और आर्थिक योजनाओं में भारत के रणनीतिक महत्व को रेखांकित करते हुए, 2024 के अंत तक भारत के साथ वीज़ा-मुक्त आदान-प्रदान को लागू करने के अपने इरादे की घोषणा की थी। रूस का वीज़ा मुक्त पर्यटन कार्यक्रम केवल भारत तक ही सीमित नहीं है। देश ने 1 अगस्त, 2023 से चीन और ईरान के साथ इसी तरह की पहल शुरू की है। इन समझौतों ने समूह यात्रा को आसान बना दिया है। भारत के साथ प्रस्तावित वीज़ा-मुक्त व्यवस्था, यदि सफल रही, तो यात्रियों के लिए नए रास्ते खुलने, दोनों ऐतिहासिक रूप से सहयोगी देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आर्थिक संबंधों को बढ़ने की उम्मीद है।

# चारधाम यात्रा पर सरकार का एक्शन.....

# बिना रजिस्ट्रेशन यात्रा नहीं

## बिना रजिस्ट्रेशन 260 यात्री वाहनों को रोका गया

**देहरादून ।(एजेंसी)**

चारधाम यात्रा के दौरान भीड़ नियंत्रित करने को उत्तराखंड की धामी सरकार ने कड़ा एक्शन लिया हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अफसरों को रजिस्ट्रेशन के हिसाब से ही चारधाम यात्रा की अनुमति देने को कहा है। इसके बाद बिना पंजीकरण यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं और ऐसा कराने वाले टूर ऑपरेटरों के खिलाफ सख्ती शुरु हो गई है।दरअसल 10 मई से शुरू हुई चारधाम यात्रा में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। देश के कई राज्यों एमपी, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों से श्रद्धालु दर्शन करने को उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। ब्रदीनाथ, गंगोत्री-यमुनौत्री सहित चारों धामों में सबसे ज्यादा क्रेज केदारनाथ धाम का है। इन दिनों केदारनाथ में दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। यात्रा के शुरुआती हफ्ते में ही करीब पौने दो लाख तीर्थयात्री बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। यात्रियों की भीड़ को व्यवस्थित करने और सुरक्षित यात्रा के लिए धामी सरकार ने रजिस्ट्रेशन सिस्टम का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। इस बीच, फर्जी पंजीकरण से दर्शन के लिए पहुंचने के भी कई मामले सामने आए हैं। शुक्रवार को गंगोत्री जा रही दो बसों में बैठे 88 यात्रियों की पंजीकरण तिथि गलत मिली। पंजीकरण सेंटर हीना में चेकिंग के दौरान फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। यात्रियों की तहरीर पर पुलिस ने हरिद्वार के दो टूर ऑपरेटरों पर मुकदमा दर्ज किया है। हालांकि मानवीय आधार पर यात्रियों को यात्रा पर जाने दिया गया। उत्तरकाशी की एसपी अर्पण यदुवंशी ने बताया कि यात्री पंजीकरण कराकर तय तिथि पर ही आए।

पंजीकरण में फर्जीवाड़ा मिला, तब संबंधित व्यक्ति को यात्रा नहीं करने दी जाएगी। धामी सरकार सुरक्षित-सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा के लिए प्रतिबद्ध है।

# ढाई साल के बच्चे को आंगन से उठा ले गया गुलदार, सुबह झाड़ियों में मिला शव

**श्रीनगर (एजेंसी)**

इस घटना के बाद से पूरे इलाके में खौफ का माहौल है. श्रीनगर में पिछले 6 माह में गुलदार द्वारा 4 बच्चे पर हमला किया गया है.



गढ़वाल के श्रीनगर में गुलदार ने एक और बच्चे की जान ले ली है। ढाई साल का सूरज आंगन में खेल रहा था। इसी दौरान गुलदार उसे उठाकर जंगल की तरफ भाग गया। आज यानी शनिवार को सुबह सूरज का शव झाड़ियों से बरामद हुआ है। श्रीनगर में गुलदार 6 महीने में 4 बच्चों पर हमला कर चुका है। बता दें श्रीनगर शहर में एक बार फिर गुलदार की दहशत के चलते लोग कांप गए हैं. यहां शुक्रवार देर रात्रि एक ढाई साल के बच्चे पर घात लगाए गुलदार ने हमला कर दिया. गुलदार बच्चे को घर के आंगन से मुंह में दबाकर उठा ले गया. रात भर पुलिस और वन विभाग ने सर्च ऑपरेशन चलाया. लेकिन बच्चे का कोई पता नहीं चल सका था. रात से सुबह तक सर्च ऑपरेशन जारी रहा. सुबह 6 बजे घर से करीब 50 मीटर दूर झाड़ियों से बच्चे का शव बरामद हुआ. इस घटना के बाद से पूरे इलाके में खौफ का माहौल है. श्रीनगर में पिछले 6 माह में गुलदार द्वारा 4 बच्चे पर हमला किया गया है. इससे पूर्व भी एक बच्ची को गुलदार कोमा में पहुंच चुका है. तीन बच्चे मौत के मुंह में जा चुके हैं. घटना के बाद वन विभाग ने भी इलाके में एक पिंजरा लगा दिया है. दो अन्य पिंजरे लगाने और ट्रैप कैमरे लगाने की कार्रवाई की जा रही है।

### संक्षिप्त समाचार



## देवेगौड़ा ने कहा, कथित सेक्स स्कैंडल में और लोग भी शामिल

**बेंगलुरु ।** पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने अपने पोते प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित सेक्स स्कैंडल में और लोगों के शामिल होने का संकेत देकर कहा, सभी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। जनता दल (सेक्युलर) सुप्रीमो ने कहा कि मामले में शामिल सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। मैं उनका नाम नहीं लूंगा। प्रज्वल के खिलाफ आरोपों पर दादा देवेगौड़ा की पहली प्रतिक्रिया है, माना जा रहा है कि वह जर्मनी में हैं। देवगौड़ा ने कहा कि उनके पोते के खिलाफ कार्रवाई होगी, जिनके पिता, जद (एस) विधायक एचडी रेवन्ना, पूर्व प्रधानमंत्री के दो बेटों में बड़े हैं। देवेगौड़ा ने कहा कि प्रज्वल के खिलाफ कार्रवाई होगी। लेकिन रेवन्ना के संबंध में लोगों ने देखा है कि उनके खिलाफ क्या किया गया है। उन्हें अदालत में जमानत मिल गई और एक और आदेश लंबित है। इस महीने की शुरुआत में, रेवन्ना को कर्नाटक पुलिस ने कथित तौर पर एक महिला का अपहरण करने के आरोप में गिरफ्तार किया था, जो प्रज्वल की पीड़ितों में से एक थी। उन्हें हाल ही में जमानत दी गई थी। इस बीच, जद (एस) नेता ने पीड़ितों के लिए वित्तीय मुआवजे की मांग कर कहा कि एचडी कुमारस्वामी पहले ही ऐसी मांग उठा चुके हैं। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी देवेगौड़ा के छोटे बेटे और प्रज्वल के चाचा हैं। देवेगौड़ा विवाद के मद्देनजर अपना जन्मदिन मनाने के मूड में नहीं हैं और उन्होंने समारोह रद्द कर दिया है।

## कांग्रेस के बब्बर शेर हैं कन्हैया कुमार....हमले से डरने वाले नहीं : वेणुगोपाल

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से अपने उम्मीदवार कन्हैया कुमार पर हुए हमले की निंदा कर आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी से जुड़े 'गुंडों' ने घटना को अंजाम दिया है, क्योंकि चुनाव मे हार को देखकर सत्तारूढ़ पार्टी हताशा में हिंसा पर उतर आई है। पार्टी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि इस तरह के हमले से कन्हैया घबराने वाले नहीं हैं तथा 'इंडिया' गठबंधन का हर कार्यकर्ता उनके साथ खड़ा है। वेणुगोपाल ने पोस्ट किया, ऐतिहासिक हार को देखकर भाजपा फिर गुंडागर्दी और हिंसा के अपने चिरपरिचित रवैये का सहारा ले रही है। हमारे उम्मीदवार कन्हैया कुमार पर भाजपा के गुंडों द्वारा किया गया कायरतापूर्ण हमला बेहद निंदनीय है और उनकी हताशा को दर्शाता है।'' कांग्रेस नेता ने कहा, उन्हें पता होना चाहिए कि कन्हैया कांग्रेस के बब्बर शेर हैं जो ऐसी घटिया हरकतों से घबराने वाले नहीं हैं।

## सुकमा जिले में हुई मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, विस्फोटक सामग्री बरामद

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा जिले में शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में जवानों ने एक नक्सली को ढेर कर दिया। पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने इस मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि यह मुठभेड़ टेटराई तोलनाई के जंगल में हुई है। पुलिस को यहां नक्सलियों के होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस जवानों की टीम वहां पहुंची तो घात लगाए बैठे नक्सलियों ने जवानों पर अचानक हमला बोल दिया और गोलियां बरसानी शुरु कर दी। इसके जवाब जवानों ने भी गोलियां दागी जिसमें एक नक्सली को मार गिराया और अन्य वहां से जंगल में भाग गए। पुलिस ने मौके से नक्सली का शव समेत अन्य सामान बरामद किया है। साथ ही एक बंदूक और विस्फोटक सामग्री भी मिली है। मारे गये नक्सली की पहचान अभी नहीं हो सकी है। पुलिस टीम पूरे इलाके की तलाशी कर रही है।

## पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक.....एसपीजी कंमाड़ों ने युवक को पकड़ा

**फतेहपुर ।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में तब हड़कंप मच गया जब पीएम नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया। पीएम मोदी के लिए बनाई गई कॉटेज के भीतर एक संदिग्ध युवक सुरक्षा घेराबंदी को तोड़कर घुस गया। इसके बाद अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए। हालांकि एसपीजी कमांडो ने युवक को दबोच कर पुलिस के हवाले किया है। पुलिस को तलाशी के दौरान युवक के पास से गृह मंत्रालय का फर्जी कार्ड भी मिला है। फतेहपुर सीट पर पांचवें चरण में 20 मई को वोटिंग होनी है। चुनाव प्रचार को लेकर प्रधानमंत्री मोदी शहर स्थित कानपुर-प्रयागराज मार्ग पर बड़े पुल के पास आयोजित जनसभा स्थल पहुंचे थे। यहां पर पीएम के लिए बनी कॉटेज में एक युवक सुरक्षा घेराबंदी को तोड़कर घुस गया। पुलिस के अनुसार युवक के पास से तलाशी के दौरान गृह मंत्रालय का फर्जी कार्ड भी मिला है। बताया जा रहा है कि संदिग्ध युवक भाजपा नेता का भाई है। सदर कोतवाल राजेंद्र सिंह ने बताया कि युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया है। इस दौरान कोई संदिग्ध मामला सामने न आने पर युवक को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।

# भेड़ बकरियों की तरह रेल यात्रा को मजबूर हैं गरीब

## - 75 सीट वाले डब्बे में 210 यात्री कर रहे सफर

**भोपाल ।(एजेंसी)**

लंबी दूरी की ट्रेनों में जनरल कोच कम कर दिए गए हैं। स्लीपर कोच भी कम हो गए हैं। उनके स्थान पर एसी कोच लगाए जा रहे हैं। कोरोना महामारी के बाद से गरीब रेल यात्रियों का रेल सफर करना बड़ा दुभर हो गया है।

6 मई को दोपहर 2 बजे इटारसी से पटना के लिए संघमित्रा सुपरफास्ट ट्रेन रवाना हुई। इसके स्लीपर कोच में 210 यात्री भरे हुए थे। भेड़ बकरियों की तरह एक दूसरे से सटकर खड़े रहकर और बैठकर यात्रा कर रहे थे। जिन यात्रियों का रिजर्वेशन था। वह टॉयलेट तक नहीं पहुंच पा रहे थे। ऐसी नारकीय यात्रा हर दिन इटारसी स्टेशन पर देखने को हर किसी को मिल सकती है। इटारसी में इस तरह का नजारा देखने को रोजाना मिलता है। जैसे ही ट्रेन इटारसी स्टेशन पर आकर रूकती है। भेड़ बकरियों की तरह यात्री ट्रेन के डिब्बे से उतरते हैं। पानी इत्यादि भरते हैं। जब ट्रेन चलने लगती है,तो डब्बे में भेड़ बकरियों की तरह एक दूसरे को धक्का मारते हुए घुस जाते हैं।

कोरोना महामारी के बाद कई ट्रेनों को बंद कर दिया गया था। जब ट्रेन शुरू हुई तो उसमें स्लीपर के डब्बे घटा दिए गए। जनरल कोच की संख्या भी कम हो गई है। काम के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने वाले मजदूरों और गरीबों के लिए रेल सफर करना आसान नहीं रहा। जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर हैं। इनके पास टिकट भी होती है। लेकिन डिब्बे में जगह नहीं होती है। वेटिंग टिकट वाले भी स्लीपर कोच में यहां से वहां घूम रहे होते हैं। कई महीने पहले ली गई टिकट की भी वेटिंग लिस्ट वैसी ही बनी रहती है। अतिरिक्त डब्बे नहीं लगाए जाते हैं। वेटिंग लिस्ट में सफर पूरा हो जाता है। लेकिन उन्हें सीट नसीब नहीं होती है। रेलवे अरबों रुपए की कमाई टिकट कैंसिलेशन में करती है। वेटिंग सूची होते हुए भी अतिरिक्त कोच नहीं लगाए जाते हैं।



रेलवे की टिकट बिक्री से कमाई बढ़ती जा रही है। रेलवे मंत्रालय, वंदे मातरम जैसी ट्रेन चलाने में रुचि ले रहा है। सभी ट्रेनों में एसी के डब्बे बढ़ाए जा रहे हैं। गरीब यात्री इतना महंगा किराया नहीं दे सकता है। जनरल कोच और स्लीपर कोच लगातार कम हो रहे हैं। गरीबों के लिए अब रेल का सफर भी आसान नहीं रहा। जान हथेली में रख कर उनको 1000 से 1200 किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ती है। स्लीपर की वेटिंग टिकट और जनरल टिकट लेकर भेड़ बकरियों की तरह यात्रा करने के लिए यात्री विवश हो रहे हैं।

# बृजभूषण शरण सिंह का ऐलान, जीवन में कभी नहीं लड़ेंगे चुनाव

**बोले- बेटे करण को कुश्ती संघ का अध्यक्ष बनाना चाहता था**

**कैसरगंज।** कैसरगंज से सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने ऐलान किया कि है कि वह अब जीवन में कभी भी चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने कहा उनके पास करने के लिए बहुत सारे काम हैं। कुश्ती संघ विवाद के चलते बीजेपी बृजभूषण की जगह उनके बेटे करण भूषण को इस लोकसभा चुनाव में मैंदान में उतारा है।

इस साक्षात्कार में बृजभूषण सिंह ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ अपने संबंधों को लेकर भी स्थिति साफ की है। उन्होंने एक साक्षात्कार में नरेंद्र मोदी को अपना नेता बताया था। उनसे जब योगी आदित्यनाथ के बारे में पूछा गया तो उन्होंने यूपी सीएम को अपना गुरु भाई बताया था। बृजभूषण ने योगी आदित्यनाथ को अपना मित्र बताते हुए कहा कि हम दोनों एक ही गुरु के शिष्य हैं। उन्होंने कहा कि हमारे गुरु मुझे योगी से कम नहीं मानते थे। वह घोषित शिष्य हैं। हम दोनों अच्छे मित्र हैं। मीडिया में मेरे बयान को गलत तरीके से पेश किया गया है। बृजभूषण ने अपने बेटे करण भूषण को भाजपा प्रत्याशी बनाने की बात पर भी अपना पक्ष रखा है। उन्होंने इसे एक तरीके से साजिश करार दिया है। उन्होंने कहा कि मैं करण भूषण को कुश्ती संघ का अध्यक्ष बनाने वाला था। उसे रोकने के लिए यह साजिश रची गई है। छह बार के सांसद होने के बावजूद मंत्री न बनने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भारत में बहुत कम लोगों को वो सम्मान मिला है जो मुझे मिला है। बृजभूषण सिंह ने एक दिन पहले ही कहा था-ना बूढ़ा हुआ हूं और ना रिटायर हुआ हूं। पहले आप लोगों के बीच में जितना रहता था, उससे ज्यादा रहूंगा। अब मैं दोगुनी ताकत के साथ काम करूंगा। मैंने एक नारा दिया था, स्वच्छ गोंडा। अभी बहुत कुछ करना बाकी है।


स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/75100 (Subject to Surat jurisdiction)

# भ्रष्टाचार प्रतियोगिता में

# &

# भ्रष्टाचार की जानकारी देने

## National Rights Group Youtube Channel

krantisamay@gmail.com

9879141480

fight against corruption india

## भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई